www.nobleexpress.in

वर्ष-2 | अंक-270 | पृष्ठ-8 | मूल्य-2रू.

**सुविचार**

जीवन में सुख-शांति चाहते हैं तो दूसरों के काम से ज्यादा सिर्फ अपने काम पर ध्यान दें।

- अज्ञात

दैनिक

# नोबल एक्सप्रेस

पढ़ो सबसे बेहतर

भोपाल, 18 अप्रैल 2024, चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 10, संवत् 2081

गुरूवार



पेज-7 धीमी ओवर गति के लिए ...

## सीएम ने कमलनाथ के छिंदवाड़ा विकास मॉडल को दिखाया आईना, चुनाव प्रचार थमने से कुछ घंटे पहले सीएम ने कहा ...

# 44वर्षों से छिंदवाड़ा की जनता कर रही है तपस्या

एजेंसी | छिंदवाड़ा

कमलनाथ के गढ़ में भाजपा ने इस लोकसभा चुनाव में जमकर घेरा बंदी की है। पिछले कुछ दिनो से भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय छिंदवाड़ा में चुनाव कैंपेन संभाले हुए है।केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने छिंदवाड़ा में रोड शो के रात्रि विश्राम कर,मिशन 29 के तहत अहम माने जाने वाले छिंदवाड़ा में नाराज नेताओ को नसीहत दी। सीएम पिछले दिनो छिंदवाड़ा में 8 बार से ज्यादा बार आकार जनसभा कर चुके है। चुनाव प्रचार के आखरी दिन सीएम मोहन यादव ने जिले के चौरई के



धनोरा पहुंचकर आमसभा की। सीएम मोहन यादव ने कमलनाथ के विकास मॉडल और परिवारवाद पर जमकर निशाना साधा।सीएम डॉक्टर मोहन यादव ने धनौरा में कहा मुझे बड़ा दुख है कि कमलनाथ छिंदवाड़ा मॉडल का बड़ा उदाहरण बताते फिरते हैं।44वर्षों से आपको जनता माथे बिठा रही है ।कई बच्चों की तो उम्र एल भी हो गई और कई पैदा भी नही हुए थे।मुख्यमंत्री ने कमलनाथ के विकास मॉडल को आईना दिखाते हुए कहा कि धनोरा के किसान मुआवजे,सड़क ,रोजगार सहित मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है।

### पहले चरण का प्रचार अभियान थमा, 1625 प्रत्याशी मैदान में

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान बुधवार यानी 17 अप्रैल की शाम थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है।

## ब्रीफ न्यूज

### नवादा सीट पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी से लेकर भारतीय जनता पार्टी ने नवादा सीट पर अपना प्रत्याशी दिया, लेकिन मुद्दा जस का तस है। नवादा ने भाजपा से गिरिराज सिंह को कभी सांसद बनाया, फिर लोजपा के चंदन सिंह को बनाया। दोनों ही बाहरी थे। इस बार विवेक सिंह के साथ भी यही चर्चा है। नवादा में खेल बहुत रोचक हो गया है। महागठबंधन अपने संकटों में घिरा है और समाधान नहीं निकाल सका है। दूसरी ओर, भाजपा सामने खड़े राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी की जाति के वोटरों को साथ लाने में विफल दिख रही है।
जैसे गिरिराज आए-गए, उसी तरह चंदन सिंह के बारे में विचार है।
इसकारण लोगों की जुबान पर उनके रहने या नहीं रहने की कोई बात नहीं होती सुनाई देती है।

### बेटी रोहिणी आचार्य को संसद में पहुंचाने मैदान में उतरे लालू

पटना । राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष और पूर्व सीएम लालू प्रसाद सारण के चुनावी मैदान में दिखने वाले हैं। अपनी बेटी और सारण लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य को जीतने के लिए लालू अब सारण में कैंप करने वाले है। लालू अपनी पत्नी राबड़ी देवी के साथ छपरा के लिए रवाना हुए। राजद के नेताओं के मुताबिक, लालू प्रत्याशी रोहिणी आचार्य के समर्थन में रोड शो कर सकते हैं। इसके अलावा वे पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलकर स्थिति की जानकारी लेने वाले है। राजद सूत्रों का कहना है कि रोहिणी की जीत संभव बनाने के लिए लालू खुद मैदान में उतर चुके हैं।

### झूठों को पहचानने के तरीके बदले, शोध में हुआ उजागर

मुम्बई । कनेक्टिकट विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान के प्रोफेसर केबिन कॉलवेल और उनकी टीम ने एक शोध किया है। इस शोध में चौंकाने वाले परिणाम सामने आए हैं। झूठ बोलने वाले, लोगों की मासूमियत का फायदा उठाने वाले अब बहुत चालाक हो गए हैं। वह अपनी बात को सच साबित करने के लिए पहले से ही पूरी तैयारी करके रखते हैं।वह अपने झूठ को सच साबित करने के लिए नए-नए प्रसंग और उदाहरण देकर अपने झूठ को सच बनाने में पारंगत हो गए हैं।

## अद्भुत क्षण के साक्षी बने करोड़ों रामभक्त, पीएम ने दी बधाई

# अयोध्या के भव्य मंदिर में हुआ रामलला का सूर्य तिलक

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में बुधवार को रामनवमी पर रामलला का सूर्य तिलक किया गया। इस अद्भुत क्षण को करोड़ों लोगों ने देखा और इस अकल्पनीय और अविस्मरणीय पल के साक्षी बने। 500 वर्षों तक चले संघर्ष के बाद निर्मित भव्य महल में मना रामलला का पहला जन्मोत्सव अद्भुत, अकल्पनीय और अविस्मरणीय रहा। रत्न जड़ित पीतांबरी यानी पीला वस्त्र व सोने का मुकुट धारण कर रामलला ने भक्तों को दर्शन दिए। अध्यात्म व विज्ञान का अद्भुत संगम भी उस समय नजर आया, जब सूर्य की किरणों ने पांच मिनट तक सूर्यवंश के सूर्य का 'सूर्य तिलक' किया। इस अद्भुत क्षण को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित नजर आया। वहीं, कार्यक्रम का प्रसारण न्यूज चैनलों के माध्यम से किया गया, जिससे घर बैठे करोड़ों लोग इस अद्भुत क्षण के साक्षी बने। भजन-कीर्तन, स्तुति-वंदना के बीच सबकी निगाहें घड़ी की सुइयों पर थीं।



### ये सूर्य तिलक, भारत के संकल्प को प्रकाशित करेगाः पीएम

पीएम मोदी बुधवार को असम के नलबाड़ी में चुनावी रैली के लिए पहुंचे थे। वहां उन्होंने हेलिकॉप्टर में अपने टैबलेट में बैठकर सूर्य तिलक देखा। पीएम ने 𝕏 पर लिखा-नलबाड़ी की सभा के बाद मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के अद्भुत और अप्रतिम क्षण को देखने का सौभाग्य मिला। श्रीराम जन्मभूमि का ये बहुप्रतीक्षित क्षण हर किसी के लिए परमानंद का क्षण है। ये सूर्य तिलक, विकसित भारत के हर संकल्प को अपनी दिव्य ऊर्जा से इसी तरह प्रकाशित करेगा।

### भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... का भजन गाया

मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रकट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... का भजन गायन शुरू कर दिया। जैसे ही जन्मोत्सव का कर्मकांड हुआ पूरा परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। भक्त उत्साह की सीमाओं का उल्लंघन करने से भी नहीं चूके। मंदिर परिसर में मौजूद हर शख्स भावविभोर दिखा। संत एमबीदास व अन्य कलाकारों ने बधाइयां गाईं तो भक्त झूमने-नाचने लगे।

### 3:30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए

पुजारी प्रेमचंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 3:30 बजे ही मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन साथ-साथ चलता रहा।

## पीएम मोदी असम और त्रिपुरा दौरे पर बोले-

# पर्दे के पीछे कांग्रेस-लेफ्ट की विचारधारा एक



एजेंसी | गुवाहाटी/अगरतला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार (17 अप्रैल) को असम और त्रिपुरा दौरा किया। सुबह असम में जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी दोपहर में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला पहुंचे। पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद मैदान में जनसभा में कहा, जब त्रिपुरा में सीपीएम और कांग्रेस थीं, तब भ्रष्टाचार फल-फूल रहा था। वामपंथी पार्टियों ने राज्य को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया। कांग्रेस सरकार ने पूर्वोत्तर के विकास पर ध्यान नहीं दिया। उनकी नीति पूर्व को लूटो की थी। 10 साल पहले मैंने कांग्रेस और वामपंथियों की लूट ईस्ट नीति को खत्म किया था। अब हम एक्ट ईस्ट नीति पर काम कर रहे हैं। सतही तौर पर वामपंथी और कांग्रेस एक-दूसरे के विरोधी लग सकते हैं, लेकिन पर्दे के पीछे उनकी विचारधारा एक ही है। पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वोत्तर में रहना हमारा सौभाग्य है, जहां सूर्य की किरणें सबसे पहले पृथ्वी को छूती हैं। ये भारत के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। विकसित त्रिपुरा, विकसित भारत की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं, असम के नलबाड़ी में पीएम ने कहा था कि कांग्रेस ने सियासी फायदे के लिए असम को अपने पंजे में जकड़ रखा था। ताकि उनके लिए लूट और भ्रष्टाचार के रास्ते खुले रहें।

## राहुल बोले | इलेक्टोरल बॉन्ड दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट, कहा-

# चंदा देने पर कंपनियों को करोड़ों का ठेका मिला, ये हफ्ताबाजी जैसा

एजेंसी | दिसपुर



कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार (17 अप्रैल) को कर्नाटक पहुंचे। यहां उन्होंने मंड्या और कोलार में जनसभा की। मंड्या में राहुल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड दुनिया का सबसे बड़ा वसूली रैकेट है। उन्होंने कहा कि पीएम ने इलेक्टोरल बॉन्ड पर इंटरव्यू में सफाई दी। वे कहते हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड पारदर्शी स्कीम है, लेकिन चंदा किसने-किसको दिया, ये बात छिपा दी। सुको ने बॉन्ड को रद्द कर डेटा सार्वजनिक करने का कहा था।

### आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई

राहुल ने कहा कि आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन है, जिन्होंने हिंदुस्तान को संविधान और लोकतंत्र दिया। दूसरी तरफ आरएसएस - बीजेपी है जो संविधान, लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं और देश के हर एक संस्थान में अपने लोगों को डाल रहे हैं। बीजेपी के लोग अरबपतियों की सरकार चलाते हैं। हम आम जनता, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार चलाते हैं।

## बसपा ने भिंड से देवाशीष जरारिया को मैदान में उतारा

# कांग्रेस छोड़ मायावती के सामने सदस्यता ली, कुछ ही घंटे बाद प्रत्याशी घोषित

एजेंसी, भिंड

2019 के लोकसभा चुनाव में भिंड-दतिया संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े देवाशीष जरारिया ने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद जरारिया ने राजस्थान के अलवर में बीएसपी सुप्रीमो मायावती के सामने बसपा की सदस्यता ले ली। सदस्यता लेने के कुछ ही घंटे बाद बसपा ने भिंड सीट से उन्हें प्रत्याशी भी घोषित कर दिया। 2024 के लोकसभा चुनाव में भिंड-दतिया संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस ने भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया को प्रत्याशी बनाया



है। इसके बाद से ही देवाशीष कांग्रेस नेताओं से नाराज थे। उन्होंने आज अपना इस्तीफा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेज दिया।

### दिग्विजय के करीबी रहे हैं देवाशीष

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के करीबी माने जाने वाले देवाशीष को 2019 के भिंड से कांग्रेस का टिकट दिया गया था। हालांकि, वह यह चुनाव हार गए थे। उनके टिकट की सिफारिश सीधे राहुल गांधी ने की थी। इसके बाद उनकी गिनती कांग्रेस के बड़े नेताओं में होने लगी थी। दिग्विजय सिंह से उनकी पहचान व्यापमं के व्हिसिलब्लोअर आनंद राय ने और हीरालाल अलावा ने इंदौर में कराई थी।

## शंभू बॉर्डर पर किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम किया

# बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस से धक्कामुक्की, 34 ट्रेन प्रभावित, 11 कैंसिल हुई

एजेंसी | अंबाला

पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। दोपहर 12 बजे से किसान शंभू बॉर्डर के पास ही रेलवे ट्रैक पर बैठ हुए हैं। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिससे पुलिस-किसानों की धक्कामुक्की हुई। मगर, किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और ट्रैक पर बैठ गए।



किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में पहले उनकी हरियाणा और पंजाब सरकार से मीटिंग हुई थी, जिसके बाद रिहाई का भरोसा मिला था।

### गया से मांझी को जीतने भाजपा और जेडीयू को झोंकनी होगी ताकत

पटना। बिहार की गया (आरक्षित) सीट पर एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधा मुकाबला है। दोनों के दिग्गज नेता अपने प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए गया का दौरा कर चुके हैं। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रत्याशी जीतन राम मांझी को जिताने के लिए बहुत कुछ कह गए हैं।
अहम सवाल है कि मांझी और कुमार सर्वजीत अपने जिले से लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी हैं। अपने जिले, इस लिहाज से कि यहीं से विधायक हैं। इसमें कुमार सर्वजीत का पलड़ा भारी है।

## दुबई में भारत की 28 उड़ानें रद्द | बलूचिस्तान-खैबरपख्तूनख्वा में इमरजेंसी

# पाक और 4 खाड़ी देशों में भारी बारिश, 69 मौतें

एजेंसी | दुबई

पाकिस्तान और गल्फ देशों में पिछले 2 दिनों से खराब मौसम के चलते बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। पाकिस्तान , ओमान और यूएई में अब तक 69 लोगों की जान जा चुकी है। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में भारी बारिश के चलते इमरजेंसी लगानी पड़ी है। वहां अब तक 50 लोग मारे गए हैं। वहीं दुबई



में खराब मौसम के चलते भारत की 28 उड़ाने रद्द कर दी गई है। इनमें भारत आने वाली 13 और भारत से दुबई जाने वाली 15 उड़ानें शामिल हैं। पाकिस्तान के अखबार डॉन के मुताबिक पाकिस्तान के सभी प्रांतों में तेज बारिश हो रही है।

### 22 अप्रैल तक तेज बारिश का अलर्ट

पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है।बाढ़ प्रभावित इलाकों में लोगों को राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है। आवाजाही के लिए सड़कों को सुधारा जा रहा है। बलूचिस्तान में भारी तबाही मचा सकती है। खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद में ज्यादा नुकसान पहुंच सकता है।

### दुबई में साल भर की बारिश 2 दिनों में हुई

संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी, दुबई और अल ऐन जैसे शहरों में भी भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात हैं। इससे अब तक 1 शख्स की मौत हुई है। वहां साल भर की बारिश 2 दिन के भीतर हो गई। मंगलवार को सड़क, रेलवे और उड़ानों पर असर पड़ा। इन शहरों में ऑफिस और स्कूल बंद कर दिए गए हैं। लोगों को वर्क फॉम होम के लिए कहा गया है। खलीज टाइम्स ने दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के हवाले से लोगों से कहा है कि जब तक बहुत जरूरी न हो एयरपोर्ट पर न आएं। कई फ्लाइट्स रद्द हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गायत्री शक्तिपीठ बरखेड़ा में पंच कुंडी महायज्ञ

भोपाल ।गायत्री प्रज्ञापीठ बरखेड़ा में बुधवार को रामनवमी के अवसर पर पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। इससे पहले यहां विशेष अनुष्ठान व पूर्णाहूति के माध्यम से राम जन्म उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के संस्कार- दीक्षा संस्कार, विद्या आरंभ संस्कार, नामकरण संस्कार ,मुंडन संस्कार, पुंसवन संस्कार के कार्यक्रम किए गए। नवमी के मौके पर ट्रस्ट द्वारा कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ ही लगभग 400 लोगों का भंडारा भी आयोजित किया गया ।गायत्री परिवार ट्रस्ट बरखेड़ा के प्रमुख ट्रस्टी शिवनारायण सिंह राजपूत द्वारा गायत्री प्रज्ञा पीठ पर चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया एवं आगंतुक महानुभावों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर गजानन घिडोडे, अनिल कछावा एवं सी एल चौरसे ने अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे सप्त आंदोलन की विस्तार से जानकारी दी ।समस्त कार्यक्रम व संस्कार का संचालन महिला मंडल में ब्रह्मवादिनी बहनें सुषमा वालदया, सुनीता श्रीवास्तव ,ममता चतुर्वेदी ,संध्या सोनी बहनों द्वारा संपन्न कराया गया। साथ में संगीत की संगत मुकेश साहू, प्रदीप नागले व श्री अभिनव दांगें द्वारा दी गई।

### जय मां कालका दरबार में नवमी पर हवन पूजन

भोपाल। भोपाल के बरखेड़ी स्थित जय माँ कालका दरबार में नवमी के मौके पर हवन पूजन सम्पन्न हुआ। मंदिर की सेविका मोहिनी मालवीय ने बताया कि दरबार में आज नवमीं पर माँ कालका का विशेष श्रृंगार किया गया। शाम को यहां महिलाओं को सुहाग सामग्री वितरित की जाएगी। इससे पहले महिलाओं ने यहां भजन कीर्तन गाए ।बुधवार रात महाआरती का आयोजन किया गया है। इसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। कल दशमी तिथि पर ज्वारे विसर्जन एवं कन्या पूजन के साथ माँ को विदाई दी जाएगी। इस अवसर पर दरबार के सदस्य धीरज सौंधिया, सुमित मालवीय, यश जैन सहित सभी सेवक मौजूद रहे।

### सागर रॉयल विलास कॉलोनी भोपाल में चुनरी यात्रा

भोपाल। महाअष्टमी के पावन पर्व पर सागर रॉयल विलास कॉलोनी भोपाल में मंगलवार को महिलाओं ने चुनरी यात्रा निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में कॉलोनी कि महिलाएं लाल साड़ी पहनकर यात्रा में शामिल हुई। महिलाओं ने यात्रा के दौरान ढोल पर जमकर नृत्य किया। कॉलोनी का भ्रमण करते हुए यात्रा राममंदिर पहुंची। जहां देवी मां को चुनरी अर्पित की गई ।बुधवार को महिलाओं ने सुबह माताजी की चुनरी की विधि विधान से पूजा की। इसके बाद बैंड बाजे और ढोल के साथ यात्रा का शुभारंभ किया गया। करीब 2 किमी लंबी यात्रा के दौरान महिलाओं ने भक्ति गीत और ढोल पर जमकर डांस किया। यात्रा का कॉलोनी में ही जगह जगह स्वागत और पूजन किया गया। तत्पश्चात यात्रा राम मंदिर पहुंची। जहां महिलाओं ने 31 मीटर चुनरी देवी मां को अर्पित की। रामनवमी के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ भोपाल में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का अनुष्ठान व पूर्णाहूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गायत्री परिवार के सदस्यों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। इससे पहले चैत्र नवरात्रि के दौरान नौ दिनों तक गायत्री परिवार के प्रत्येक परिजन ने 24000 गायत्री मंत्र का जाप सहित अनुष्ठान किए।

### श्रीशक्ति मंदिर ओल्ड सुभाष नगर में नवमी की धूम

भोपाल। शक्ति उत्सव समिति के तत्वावधान में भोपाल के ओल्ड सुभाष नगर स्थित श्रीशक्ति मंदिर में नवरात्र पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सोमवार 15 अप्रैल को प्रतिवर्ष अनुसार महाआरती का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालओं ने उमंग और उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर श्रद्धालु अपने-अपने घरों से पूजा की थाली सजाकर लेकर आए थे। रामनवमी पर कन्यापूजन के साथ ज्वारे विसर्जन का होगा कार्यक्रमआरती के बाद सभी ने मिलकर भक्ति गीतों पर डांस किया। जिससे पूरा से माहौल आध्यात्मिक बन गया। इस अवसर पर समर्पित 11महिला श्रद्धालुओं को सम्मानित भी किया गया। बुधवार को रामनवमी के मौके पर कन्यापूजन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम को जवारे विसर्जन और सुहाग सामग्री वितरण का कार्यक्रम होगा।

### संतनगर में संत वासुराम जयंती महोत्सव का आयोजन

भोपाल। संत हिरदाराम नगर भोपाल में पूज्य बाबा 108 संत वासुराम साहिब का 236वां जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। 3 दिवसीय यह महोत्सव संत वासुराम दरबार के गद्दीशीन पुरुषोत्तम लाल वासवानी के सानिध्य में मनाया जा रहा है। इस मौके पर 51 बच्चों का सामूहिक जनेऊ संस्कार वेदांत संत लालसाईं की हाजिरी में संपन्न हुआ। पं. जय शर्मा, यश शर्मा, मनीष शर्मा ने हिन्दू रीति-रिवाज एवं परंपरा से जनेऊ संस्कार कराया ।इस अवसर पर संत लालसाईं ने कहा कि संत वासुराम साहिब महान संत थे। सिंध पाकिस्तान में भी मेले लगते थे, बंटवारे के पश्चात संत नगर में संत वासुराम दरबार में यह महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। विगत कुछ वर्षों से संत वासुराम युवा समिति इस महोत्सव में जनेऊ संस्कार का आयोजन करती है। वे बधाई के पात्र हैं।सिंधी पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने कहा कि हम जब छोटे थे, तब से इस महोत्सव में शामिल होते आए हैं। संतों का आशीर्वाद संत नगरी पर बना रहे। यही हम संतों से कामना करते हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष चंद्रप्रकाश इसरानी, महेश खटवानी, मंडल अध्यक्ष कमल वीधानी, थोक वस्त्र व्यवसाय अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे ।दरबार के गद्दीशीन पुरुषोत्तम वासवानी ने समस्त नगरवासियों का स्वागत करते हुए लालसाईं का शाल एवं फूलमालाओं से अतिथियों एवं जनेऊ संस्कार कराने वाले बच्चों का पखर भेंटकर सम्मान किया ।महोत्सव में तीन दिन कोटा की मशहूर पार्टी लखी एंड कवाल, दादी विदया देवी, मोतीराम एंड झूलेलाल भजन प्रस्तुत करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से हरीश साधवानी, नरेन्द्र केवलानी, गोप मूलानी, सुरेश केवलानी, रुप कुमार पेसवानी, रमेश उत्तमचंदानी, पुरुषोत्तम वीधानी, राज कुमार मूलानी, विजय कुमार थद्धानी आदि उपस्थित थे।

### रवि योग में भये प्रकट कृपाला, दीनदयाला की धुन के बाद भगवान का भोग लगाया गया

# राम नवमी पर भक्तिमय हुआ शहर : श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

भोपाल। राजधानी भोपाल में चैत्र नवमी पर पर नवरात्र के समापन के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। मंदिरों और घरों में अखंड रामायण पाठ के अलावा रामधुन हो रही है। शहर के सभी राम मंदिरों में दोपहर ठीक 12 बजे अभिजीत मुहूर्त और रवि योग में भये प्रकट कृपाला, दीनदयाला की धुन के बाद भगवान का भोग लगाया गया एवं आरती हुई। इसके पूर्व मंदिरों में रामायण पाठ भगवान का श्रृंगार व पूजा अर्चना की गई। आज शहर में पांच स्थानों से भगवन राम की शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। आज सुबह से शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ है। जगह-जगह कन्याभोज और भंडारों का आयोजन किया गया है। हमीदिया रोड स्थित राम मंदिर में भोपाल से लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने रामलला की आरती की। विश्वकर्मा मंदिर



बाग सेवनिया में अखंड रामायण पाठ श्री श्री विश्वकर्मा सांस्कृतिक जागरण कल्याण परिषद भोपाल द्वारा किया जा रहा है। रात 8 से रामायण पर आधारित श्री राम विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें गायक कलाकार देवेंद्र गिरी और धर्मेंद्र प्रसाद अपने-अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे । रघुवंशी समाज शाम 5:30 बजे रघुकुल भवन जवाहर चौक से यात्रा निकालेगा। यात्रा 1100 क्वाटर राम-जानकी हनुमान मंदिर पहुंचेगी। दूसरी बड़ी शोभा यात्रा घोड़ा नक्कास से शाम 5 बजे परंपरा धार्मिक व सामाजिक संस्था द्वारा निकाली जाएगी। करोंद, कोलार, सहित कई क्षेत्रों से भी शोभा यात्राएं निकलेंगी। इस्कान मंदिर भेल व पटेल नगर में रामलीला के प्रसंगों का मंचन होगा।

#### सूर्याभिषेक के बाद रामलला का हुआ अलौकिक श्रृंगार

काम कोटि छबि स्याम सरीरा। नील कंज बारिद गंभीरा॥ अरुन चरन पंकज नख जोती। कमल दलन्हि बैठे जनु मोती॥ रेख कुलिस धवज अंकुर सोहे। नूपुर धुनि सुनि मुनि मन मोहे।। कटि किंकिनी उदर त्रय रेखा। नाभि गभीर जान जेहि देखा।। रामलला के सूर्याभिषेक के बाद प्रभु का अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसे देख हर रामभक्त भाव-विभोर हो गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से एक्स अकाउंट पर इस चौपाई के साथ रामलला के दिव्य और भव्य श्रृंगार की तस्वीरें साझा की गई हैं। ट्रस्ट ने चौपाई का भावार्थ बताते हुए लिखा है कि %उनके नीलकमल और गंभीर जल से भरे हुए मेघ के समान श्याम शरीर में करोड़ों कामदेवों की शोभा है। लाल-लाल चरण कमलों के नखों की शुभ्र ज्योति ऐसी मालूम होती है, जैसे लाल कमल के पत्तों पर मोती स्थिर हो गए हों। चरणतलों में वज्र, ध्वजा और अंकुश के चिह्न शोभित हैं। नूपुर की ध्वनि सुनकर मुनियों का भी मन मोहित हो जाता है। कमर में करधनी और पेट पर तीन रेखाएँ हैं। नाभि की गंभीरता को तो वही जानते हैं, जिन्होंने उसे देखा है। असुर नाग खग नर मुनि देवा। आइ करहिं रघुनायक सेवा।। जन्म महोत्सव रचहिं सुजाना। करहिं राम कल कीरति गाना।।

### बोरवेल खनन करने वाले कांट्रेक्टर, डीलर्स का जीपीएस के साथ खींचा जाएगा फोटो

# सीएम यादव की सख्ती के बाद सभी जिलों में कलेक्टर सख्त

भोपाल। बोरवेल में बच्चों के गिरने और इसके चलते होने वाली मौतों पर सीएम डॉ मोहन यादव के रुख को देखते हुए अब सरकार इस मामले में और सख्ती की तैयारी में है। शासन ने कलेक्टरों को इस मामले में लापरवाह बोरवेल कांट्रेक्टर्स और बोरवेल कराने वालों पर नकेल डालने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बोरवेल कांट्रेक्टर्स पर एक्शन के लिए जहां पर बोरवेल का खनन किया जाना है, उस स्थान पर कांट्रेक्टर का जीपीएस के साथ फोटो खींचना अनिवार्य किया जा रहा है ताकि फिर ऐसे हादसों पर कार्रवाई की जा सके। रीवा जिले के त्यौंथर तहसील में छह साल के मासूम बच्चे के बोरवेल में गिरने की घटना के बाद प्रशासन तमाम प्रयास करके भी उसे बचा नहीं सका था। इसके बाद सभी कलेक्टरों को इस मामले में सख्ती करने के लिए कहा गया है। बताया जाता है कि बोरवेल खनन करने वाले सभी कॉन्ट्रेक्टर्स एवं डीलर्स से कहा गया कि बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय करना अनिवार्य है। बोरवेल खनन के बाद उसमें केसिंग पाइप लगाना जरूरी है, भले ही बोरवेल सूखा क्यों न हो ? बोरवेल खनन के उपरांत उसमें कैप लगाना अनिवार्य है और बोरवेल के ऊपर सीमेंट कांक्रीट का प्लेटफार्म भी हर हाल में बनाया जाना है। जिस स्थान पर बोरवेल का



खनन किया जा रहा हो, वहां तक किसान या भूमि स्वामी के साथ बोरवेल खनन करने वाले कॉन्ट्रेक्टर का जीपीएस के साथ फोटो खींचना अनिवार्य है। यदि खनन के बाद नलकूप में पर्याप्त पानी नहीं मिलता है या पानी नहीं आता है तो नलकूप की केसिंग के ऊपर स्टील प्लेट का कैप लगाना होगा। इस कैप को नट बोल्ट लगाकर केसिंग में फिक्स कर नलकूप के चारों ओर 0.50म0.50म0.60 मीटर आकार का जमीन से 0.30 मीटर नीचे और 030 मीटर ऊपर तक सीमेंट कांक्रीट ब्लॉक बनाया जाना होगा। यदि किन्हीं कारणों से नलकूप सूखा होता है तो नलकूप को संबंधित नलकूप खननकर्ता एजेंसी, व्यक्ति द्वारा मिट्टी, रेत, मुरम आदि से सतह तक भरने की कार्यवाही करनी होगी।

#### नलकूप खनन के पंजीयन व मॉनिटरिंग का पोर्टल

नलकूप खनन कार्य के पंजीयन एवं मॉनिटरिंग के लिए पोर्टल बनाया गया है जिसमें विभिन्न विभागों, संस्थाओं, निजी व्यक्ति यों द्वारा शासकीय व अशासकीय उपयोग के लिए कराए जाने वाले बोरवेल खनन की मॉनिटरिंग की जानी है। इसके पोर्टल के माध्यम से नलकूपों, नलकूप खनन करने वाली एजेंसी, मशीन तथा नलकूप खनन कराने वाले विभाग, संस्थाओं, व्यक्ति यों की जानकारी को ट्रैक करने का काम होगा। पोर्टल का निर्माण एमपीएसईडीसी के माध्यम से कराया जा रहा है। इस पोर्टल पर नलकूप खनन मशीन, खनन एजेंसी को पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा इस पोर्टल पर नलकूप खनन करने वाले व एजेंसी द्वारा नलकूप खनन संबंधी जानकारी दर्ज की जाएगी। नलकूप खनन की सूचना पोर्टल पर प्राप्त होने पर यह तय किया जाएगा कि खनन के बाद संबंधित व्यक्ति , संस्था, विभाग द्वारा नलकूप के हैंडपंप, सबमर्सिबल पंप स्थापित कर दिया गया है।

# साइड वर्ज और ग्रीन बेल्ट का संधारण नहीं करने पर सुपरवाइजर को नोटिस

भोपाल। शहर के नर्मदापुरम रोड पर साईड वर्ज और ग्रीन बेल्ट का समुचित संधारण न करने पर संबंधित गार्डन सुपरवाइजर को नोटिस देने की कार्रवाई की गई है। जबकि निर्धारित मानक अनुसार चेंबर न बनाने पर जियो और आइडिया कंपनी को भी नोटिस देकर जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया है। जानकारी के अनुसार शहर की साफ-सफाई व्यवस्था सहित अन्य नागरिक सुविधाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के लिए निगमायुक्त द्वारा विभिन्न क्षेत्रों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने नर्मदापुरम रोड स्थित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आरआरएल से बागसेवनिया थाना, मिसरोद तक साईड वर्ज एवं ग्रीन बेल्ट में लगे पे-पौधों आदि की समुचित देखभाल न करने एवं सिंचाई आदि की समुचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित



क्षेत्र के उद्यान सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया। निगमायुक्त ने बीआरटीएस बस स्टाप के कबो को तत्काल उठवाने, सकों, नालियों व अन्य स्थानों की बेहतर साफ-सफाई कराने, सीएंडडी वेस्ट, कचरा आदि तत्काल उठवाने और सीएंडडी वेस्ट फेंकने वाले भूस्वामी पर जुर्माना लगाने, शराब की दुकान के पास से टपरे, गुमठी, बबूल की झायि आदि हटाने तथा सीवेज चेंबर व रोडक्रास की मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त हरेंद्र नारायन ने जाटखेी स्थित गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया और लीचेट बहता पाए जाने एवं सीवेज व्यवस्था ठीक न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित प्रभारी सहायक यंत्री (सीवेज) को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# सोशल मीडिया फ्रैंड ने महिला से ज्यादती की मिलने के बहाने घर बुलाकर की वारदात


भोपाल। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर महिला की दोस्ती एक युवक से हो गई। यहीं दोनों ने नंबर एक्सचेंज किया और फोन पर बातचीत करने लगे। युवक ने पी ?िता को मिलने के बहाने एक बार अपने घर बुला लिया। यहां उसने डरा धमकाकर महिला के साथ ज्यादती की। बाद में आरोपी ने बदनाम करने की धमकी देकर विवाहिता के साथ कई बार ज्यादती की। युवक की हरकतों से तंग आकर फरियादिया ने मंगलवार को बिलखिरिया थाने में शिकायत कर दी। बिलखिरिया पुलिस ने जीरो पर कायमी कर केस डायरी मंगलवार की देर रात को गोविंपुरा पुलिस को दे दी है। गोविंदपुरा पुलिस ने असल कायमी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गोविंदपुरा थाना प्रभारी अवधेश तोमर ने बताय कि 33 वर्षीय पीणिता बिलखिरिया इलाके के एक गांव में रहती है और गृहणी है। पिछले साल उसकी दोस्ती सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर गोविंदपुरा के बरखेणा पठानी में रहने वाले आरोपी राहुल पाल (23) से



हुई थी। दोनों के बीच यहीं मोबाइल नंबर एक्सचेंज हुए और बातचीत फोन पर भी होने लगी। अगस्त 2023 में युवक ने महिला को मिलने के लिए अपने घर बुला लिया। यहां उसने पीणिता के साथ डरा धमकाकर ज्यादती की। किसी को भी बताने के एवज में जान से मारने की धमकी दी। पीणित महिला का पति मेहनत मजदूरी का काम करता है। महिला के दो बच्चे हैं और 12 साल पहले उसकी शादी हुई थी। आरोपी युवक ने डरा धमकाकर कई बार पीणिता के साथ ज्यादती की। वह लगातार महिला पर संबंध बनाने के लिए दबाव बना रहा था। इससे तंग आकर पीणिता ने पूरी बात पति को बता दी। पति के साथ सोमवार की सुबह थाना बिलखिरिया पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। क्योंकि घटना स्थल गोविंदपुरा का था, लिहाजा पुलिस ने केस डायरी को गोविंपुरा पुलिस को सौंप दिया है। गोविंपुरा पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के बाद साफ होगा कि वह क्या काम करता है।

# इस सत्र से स्नातक का 4 वर्षीय ऑनर्स कोर्स होगा, कॉलेजों में प्रवेश की तैयारियां शुरू

भोपाल ।राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इस सत्र से स्नातक (यूजी) का चार वर्षीय आनर्स पाठ्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए विशेषज्ञों की समित बना दी गई है। पहले स्वशासी कालेजों में चार का आनर्स कोर्स होता था, लेकिन अब उच्च शिक्षा विभाग ने अन्य कालेजों को भी यह अवसर देगा । इसमें रिसर्च विद आनर्स और दूसरा आनर्स होगा। इसमें स्नातक वाले कालेजों में आनर्स का और पीजी वाले कालेजों में रिसर्च विद आनर्स का पाठ्यकम शुरू किया जाएगा। कालेजों का नया सत्र जुलाई से शुरू होगा। इसमें केवल उन्हीं विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा जिनके 7.5 सीजीपीए या उससे अधिक अंक होंगे। इसके लिए ड्राफ्ट तैयार कर शासन को भेज दिया गया है। खास बात यह है कि जो यूजी कालेज स्नातक चतुर्थ वर्ष के लिए मापदंड पूरे करेंगे, उनमें ही प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। उन कालेजों को



प्राथमिकता रहेगी, जहां पीजी कोर्स संचालित हैं। यूजी का चतुर्थ वर्ष दो तरह का रिसर्च विद आनर्स और आनर्स होगा। विद्यार्थियों को खुद तय करना होगा कि वे इनमें से क्या लेते हैं। स्नातक कालेजों में आनर्स बेस्ड होगा ।वहीं पीजी कालेजों में रिसर्च बेस्ड स्नातक शुरू किया जाएगा ।विद्यार्थियों के लिए आनर्स करना एच्छिक होगा, नहीं तो तीन साल बाद भी वे स्नातक की डिग्री ले सकते हैं।

### अगले छह माह फाटक बंद होने से रहवासियों को परेशानी झेलनी होगी

# ओवरब्रिज पर रेलवे ने अपने हिस्से का काम शुरू किया

भोपाल। संत हिरदाराम नगर स्टेशन के दूसरे छोर पर बनी कालोनियों तक सुगम आवाजाही के लिए रहवासियों को छह माह इंतजार करना होगा। लोक निर्माण विभाग की सेतु शाखा ने रेलवे क्रासिंग क्रमांक 115 पर आरओबी का काम कर रही है। अब रेल प्रशासन ने भी अपने हिस्से का काम प्रारंभ किया है। अगले छह तक फाटक बंद रहेगा। इस दौरान केवल दो पहिया वाहनों की आवाजाही हो सकेगी ।पीडब्ल्यूडी ने फाटक रोड पर अपने हिस्से में पिल्लर खड़े कर दिए हैं। थ्री इएमइ सेंटर छोर पर भी काफी काम हो चुका है। रेल प्रशासन को फाटक के आसपास अपने क्षेत्र में काम करना बाकी है। यह काम लगातार टल रहा था। अब रेलवे ने यह काम प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इसके लिए रेल प्रशासन ने अगले छह माह तक फाटक स्थाई रूप से बंद करने की सूचना जारी की है। चार पहिया वाहन चालक बकानियां छोर से प्रवेश कर सकेंगे। माना जा रहा है किछह माह में पीडब्ल्यूडी भी अपना बचा हुआ काम पूरा कर देगा। रेलवे ने अंडर ब्रिज बनाने की स्वीकृति दी थी




लेकिन अंडर ब्रिज में जलभराव की समस्या को देखते हुए ओवर ब्रिज स्वीकृत किया गया।

#### पटरी पार कालोनियों को मिलेगी राहत

आरओबी बनन से पटरी के दूसरे छोर पर स्थित सीटीओ, कैंप नंबर 12, मथाई नगर, देवलोक कालोनी, सत्यम कालोनी, पूजाश्री नगर आदि कालोनियों के रहवासियों को सुविधा हो जाएगी। दाता कालोनी होते हुए एयरपोर्ट रोड जाने वालों को भी वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। इन दिनों लाऊखेड़ी में नई बसाहट हो रही है।

# भोपाल में छात्रा से स्कूल वैन ड्राइवर ने किया दुष्कर्म

भोपाल। राजधानी भोपाल में नाबालिग छात्रा से अपहरण के बाद दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपी स्कूल वैन ड्राइवर है। अपहरण के 49 दिन बाद पुलिस छात्रा को बरामद कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छात्रा को 26 फरवरी को थाना शाहजहांनाबाद इलाके से अग़वा किया गया था। दसवीं कक्षा की छात्रा 10बोर्ड का आखिरी पेपर देने गई थी। वारदात को पी?िता के स्कूल वैन के चालक ने अंजाम दिया। किशोरी को 49 दिन तक जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अहीरपुरा में बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान पीति के साथ कई बार ज्यादती की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंगलवार की रात को किशोरी को मुक्त कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसआई पवन सेन ने बताया कि 16 वर्षीय किशोरी ईदगाह हिल्स की रहने वाली है। वह शाहजहांनाबाद इलाके के सरकारी स्कूल में 10 वीं कक्षा में पती है। आरोपी अभिषेक सराठे (34) स्कूल वैन का चालक है। उसकी वैन से किशोरी स्कूल जाती थी। लकी की बोर्ड परीक्षा होने के कारण सेंटर केंब्रिज स्कूल लोअर ईदगाह हिल्स आया था। आखिरी परीक्षा देने के बाद 26 फरवरी को किशोरी घर नहीं लौटी। उसकी तमाम रिश्तेदार और परिचितों के अलावा सहेलियों के घर तलाश की।

# सुरजीत हुंडई के नए हुंडई प्रॉमिस सेटअप का शुभारंभ



**नोबल एक्सप्रेस,भोपाल**

राजधानी में शाहपुरा थाने के पास गुलमोहर में सुरजीत हुंडई के नए हुंडई प्रॉमिस सेटअप का शुभारंभ किया गया। इसके उदघाटन अवसर पर विशिष्ट अतिथि व शहर के गणमान्य् लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर हुंडई प्रॉमिस ग्रुप के एचओडी अनिल गोंडल, संतोष कुमार जे जेडएचएसएम - वेस्ट जोन, हुंडई प्रॉमिस ग्रुप और तरूण जैन, आरएम और बलजिंदर सिंह डांग, आरपीएसएम एचएमआईएल जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों की भागीदारी रही। कार्यक्रम में सुरजीत हुंडई के एमडी तुलसी दास नेनवानी, एमडी रमेश नेनवानी और ईडी सागर नेनवानी सहित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा आयोजित उत्सव में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# अदव्य कुमार त्रिपाठी ने 67वीं राष्ट्रीय शालेय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में एक कांस्य पदक प्राप्त किया

## मध्यप्रदेश से सिर्फ आरएसओ भोपाल को एक पदक प्राप्त



**नोबल एक्सप्रेस,भोपाल**

11 अप्रैल से 15 अप्रैल तक सतना (मध्यप्रदेश) में आयोजित हुई 67 वी राष्ट्रीय शालेय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में अमर रोलर स्केटिंग ऑर्गेनाइजेशन भोपाल के खिलाड़ी अदव्य कुमार त्रिपाठी ने रिक रेस 1000 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया । इस प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से 27 राज्यों के 916 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इन खिलाडियों के अतिरिक्त टीम की ओर से अस्मि रघुवंशी, श्रेयांश तिवारी, आर्यापारधी, तनिषा भार्गव, शुभम गुप्ता, आन्जनेय कश्यप, जतिन पूनिया, अनिकेत शर्मा, ईशा सिंह, संस्कृति मेवाड़ा, अक्षदा कश्यप, शौर्य साहू, प्रथमेश विश्वकर्मा ने भी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह सभी खिलाड़ी अर्जुन फिटनेस क्लब एव मिनाल रेजीडेंसी में स्केटिंग कोच अमर भटकर व सहायक कोच अनिल भटकर से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वित्त वर्ष 2023-24 में यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़ी

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 8.4 प्रतिशत बढ़कर 42,18,746 इकाई हो गई। उद्योग निकाय सियाम ने यह जानकारी दी। वित्त वर्ष 2022-23 में कुल यात्री वाहन आपूर्ति 38,90,114 इकाई रही थी। सियाम की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में दोपहिया वाहनों की बिक्री 13.3 प्रतिशत बढ़कर 1,79,74,365 इकाई रही, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 1,58,62,771 इकाई थी।समीक्षाधीन अवधि में सभी श्रेणियों में वाहन बिक्री 12.5 प्रतिशत बढ़कर 2,38,53,463 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2022-23 में 2,12,04,846 इकाई थी।

### दालों की कीमतों पर लगाम लगाने सरकार ने उठाया कदम

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ सप्ताह से दालों की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र सरकार ने हस्तक्षेप किया है। केंद्र की ओर से सभी राज्यों को निर्देश दिया गया है कि वे कारोबारियों के द्वारा विभिन्न दालों के भंडार का साप्ताहिक आधार पर खुलासा सुनिश्चित करें। साथ ही राज्यों को व्यापारी द्वारा किए गए खुलासे को सत्यापित करने के लिए भी कहा गया है। एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि केंद्र सरकार ने जिन दालों के स्टॉक को लेकर खुलासे का प्रावधान किया है, उनमें अरहर दाल, उड़द दाल, चना दाल, मसूर दाल और मूंग दाल शामिल है।

### शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर लगा प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बिगड़ती वित्तीय स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र के शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर प्रतिबंध लगा दिया है। बता दें कि शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक पर 18 अप्रैल 2024 को कारोबार बंद होने से लगे अगले 6 महीने तक प्रतिबंध लागू रहेगा। हालांकि, रिजर्व बैंक ने कहा कि इन निर्देशों को बैंक का लाइसेंस कैंसिल किये जाने के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। अभी सिर्फ बैंक के कामकाज पर अगले 6 महीने तक का प्रतिबंध लगाया है।

### सेबी ने प्रभु स्टील, उसके प्रवर्तकों पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने नियामकीय मानदंडों के उल्लंघन के मामले में प्रभु स्टील इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पीएसआईएल) और इसके प्रवर्तकों पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सेबी ने कहा कि पीएसआईएल और उसके प्रवर्तकों हरीश गंगाराम अग्रवाल, दिनेश गंगाराम अग्रवाल और अक्षिता हरीश अग्रवाल पर तीन-तीन लाख रुपए का जुर्माना लगाया जा रहा है। इसके साथ ही सेबी ने यह जुर्माना 45 दिन के भीतर जमा करने का निर्देश दिया।

### स्टेलांटिस भारत को बनाएगी ईवी का निर्यात केंद्र

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली प्रमुख वैश्विक कंपनी स्टेलांटिस भारत को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) का निर्यात केंद्र बनाने पर विचार कर रही। स्टेलांटिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी ने शुरुआत में दक्षिण-एशियाई बाजारों को लक्ष्य बनाया है। स्टेलांटिस इंडिया ने इंडोनेशिया में 500 इकाइयों का निर्यात करने के साथ अपनी मेड इन इंडिया, ई-सी3 इलेक्ट्रिक कार का निर्यात शुरू किया। स्टेलांटिस इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत में पहले बहुराष्ट्रीय ओईएम (मूल उपकरण विनिर्माता) होंगे।

# आईसेक्ट द्वारा कंटेंट क्रिएशन पर विशेष सत्र का आयोजन



**नोबल एक्सप्रेस,भोपाल**

आईसेक्ट के कॉर्पोरेट एचआर के लर्निंग एंड डेवलपमेंट (एलएंडडी) द्वारा आरएनटीयू-आईक्यूएसी और एसजीएसयू के समन्वय से कंटेंट तैयार करने की कला में महारत हासिल करने पर एक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के वनमाली सभागार में किया गया। इसमें आईसेक्ट और आईसेक्ट विश्वविद्याल समूह के 100 से अधिक प्रोफेशनल्स एवं शिक्षक बतौर प्रतिभागी जुड़े और कंटेंट क्रिएशन पर बारीकियों को समझा। वर्कशॉप में मुंबई विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित प्रशिक्षक श्री मंदार भानुशे और भोपाल की डॉ. अंजलि दलाल ने प्रभावी कंटेंट डेवलपमेंट के महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की। इसमें उन्होंने कंटेंट तैयार करने, क्यूरेशन, ओपन एजुकेशनल रिसोर्स (ओईआर), स्टूडेंट लर्निंग मटेरियल (एसएलएम), लाइसेंसिंग, प्लेगरिज्म, ब्लूम्स टैक्सोनॉमी, ई-सामग्री, निर्देशात्मक सामग्री डिजाइन और विकास इत्यादि शामिल हैं। इस प्रशिक्षण सत्र को कंटेंट क्रिएशन की व्यापक अंतर्दृष्टि और व्यावहारिक जानकारियां प्रदान करने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया था, जिससे प्रतिभागियों को विभिन्न प्लेटफार्मों पर आकर्षक और प्रभावशाली कंटेंट तैयार करने के लिए सक्षम बनाया जा सके। श्री मंदार भानुशे और डॉ. अंजलि दलाल ने अपनी व्यापक विशेषज्ञता के साथ एक सीखने के अनुकूल माहौल को बढ़ावा देते हुए इंटरैक्टिव चर्चाओं और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से ज्ञानप्रद बनाया। आरएनटीयू-आईक्यूएसी और एसजीएसयू के साथ एलएंडडी का यह प्रयास शिक्षा और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में आईसेक्ट ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटीज (एजीयू) में निरंतर सीखने और व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस तरह के सत्र आईसेक्ट लिमिटेड के निदेशक डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी और डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स के कुशल नेतृत्व में आयोजित किए जाते हैं।

# रेलवे आरक्षक ने बचाई दो यात्रियों की जान



**नोबल एक्सप्रेस,भोपाल**

रेलवे सुरक्षा बल द्वारा स्टेशनों पर ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरक्षको को ड्यूटी पर तैनात किया जाता है । इसी कड़ी में दिनांक 16.04.2024 को रानी कमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 से गाड़ी क्रमांक 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस के रवाना होने दौरान जनरल कोच के गेट पर लटकी एक महिला यात्री के चलती गाड़ी से गिरने पर ड्यूटी पर तैनात महिला आरक्षक ज्योति यादव द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए महिला यात्री को चलती गाड़ी व प्लेटफार्म के नीचे जाने से बचाया गया। इसी प्रकार दिनांक 17.04.2024 को भोपाल स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 2 से गाडी क्रमांक 22538 कुशीनगर एक्सप्रेस के प्रस्थान होने दौरान एक यात्री अपना सामान लेकर चलती गाडी में चढ़ते समय उसका पैर फिसल गया और कोच S1 के गेट से लटककर गाडी एवं प्लेटफार्म के बीच फंस गया। इस घटना को देख ड्यूटी पर में तैनात आरक्षक मदसूदन द्वारा सूझबूझ एवं त्वरित रूप से उक्त यात्री को अन्य यात्रियों के साथ मिलकर गाडी एवं प्लेटफार्म के बीच से खींच कर सुरक्षित बाहर निकाला।

रेल प्रशासन यात्रिओं से अपील करता है की चलती ट्रेन में चढ़ने अथवा उतरने का प्रयास न करें। रेलवे प्रशासन अपने यात्रियों की सर्वोत्तम सुरक्षा सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है।

# बीएमएचआरसी समेत आईसीएमआर के 27 संस्थानों में होगी मेडिकल रिसर्च विषय पर पीएचडी

**नोबल एक्सप्रेस,भोपाल**

भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) समेत भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सभी 27 संस्थानों में अब विद्यार्थी पीएचडी भी कर सकेंगे। इसके लिए आईसीएमआर ने एकेडमिक ऑफ साइंटिफिक एंड इनोवेटिव रिसर्च (एसीएसआईआर) के साथ एक समझौता किया है। एसीएसआईआर ने सभी संस्थानों में मेडिकल रिसर्च विषय पर पीएचडी कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। इस समझौते के तहत आईसीएमआर के सभी संस्थान एसएसआईआर के लिए एसोसिएट एकेडमिक सेंटर के तौर पर कार्य करेंगे। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में बीएमएचआरसी के कई विभागों में पोस्ट ग्रैजुएट कोर्स और सुपरस्पेशियलिटी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं और अब संस्थान में मेडिकल रिसर्च विषय पर पीएचडी कोर्स भी हो सकेंगे। बीएमएचआरसी में पीएचडी की कुल 5 सीटें होंगी। पीएचडी कोर्स शुरू होने से अनुसंधान के क्षेत्र में रुचि रखने वाले एमबीबीएस या एमडी की डिग्री वाले चिकित्सकों को लाभ होगा और देश को बड़ी संख्या में फिजीशियन साइंटिस्ट मिल सकेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार एससीआईएसआर की वेबसाइट पर लॉग इन कर 30 अप्रैल तक अपना फॉर्म भर सकते हैं। इसके बाद शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा या इन्टरव्यू होगा। जुलाई में रिजल्ट आ जाएगा और अगस्त से सत्र शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि आईसीएमआर के पूरे देशभर में 27 संस्थान हैं, जो मुख्य तौर पर रिसर्च प्रति समर्पित हैं। एसीएसआईआर की स्थापना वर्ष 2011 में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भविष्य के लीडर्स तैयार करने के लिए हुई थी।

# मध्यप्रदेश में 20 हजार से ज्यादा वोटर आईडी और आधार कार्ड फर्जी

**नोबल एक्सप्रेस,भोपाल**

मध्यप्रदेश में 20 हजार से ज्यादा वोटर आईडी और आधार कार्ड फर्जी हैं। स्टेट साइबर पुलिस की पड़ताल में यह खुलासा हुआ है। मामले में बिहार से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। 10वीं पास इस आरोपी ने फर्जी वेबसाइट के जरिए यह दस्तावेज तैयार किए हैं। स्टेट साइबर एडीजी योगेश देशमुख ने बताया कि आरोपी रंजन चौबे (20) बिहार के चंपारण का रहने वाला है। उसे 12 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था। भोपाल लाने के बाद तीन दिन तक रिमांड पर रखा गया। पूछताछ के बाद 16 अप्रैल को भोपाल जिला कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। देशमुख ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 27 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को एक सूचना भेजी थी। इसमें कहा था- अज्ञात युवक वेबसाइट के माध्यम से लोगों के फर्जी वोटर आईडी समेत दूसरे दस्तावेज बनाने का काम कर रहा है। मध्यप्रदेश के



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने स्टेट साइबर पुलिस को इसकी जानकारी दी। 30 मार्च को केस दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पांच अलग-अलग टीमों ने जांच शुरू की। टेक्निकल साक्ष्य इकट्ठे किए। इसी बीच बिहार के पूर्वी चंपारण का क्लू मिला।

# 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा मिशन परिवार विकास पखवाड़ा

## लक्ष्य दंपत्तियों को जोड़ा जा रहा है परिवार कल्याण सेवाओं से




**नोबल एक्सप्रेस,भोपाल**

परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत परिवार नियोजन की सेवाओं के लिए जागरूकता एवं स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए मिशन परिवार विकास पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़ा 25 अप्रैल तक मनाया जाएगा । जिसमें जन समुदाय में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों के संबंध में जागरूकता लाई जावेगी। पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा नसबंदी, आईयूसीडी, अंतरा इंजेक्शन, ओरल पिल्स , छाया गोली, निरोध के उपयोग के लिए हितग्राहियों को जानकारी देकर प्रेरित किया जा रहा है। पखवाड़े में सास बहू सम्मेलनों का आयोजन भी किया जा रहा है। इन सम्मेलनों में परिवार नियोजन की आवश्यकता एवं उसके साधनों की जानकारी दी जा रही है ।जागरूकता रैलियों, जागरूकता रथ इत्यादि के माध्यम से परिवार कल्याण साधनों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही विवाह के दो साल बाद पहला बच्चा, पहले बच्चे के जन्म के 3 साल बाद दूसरा बच्चा एवं दो बच्चों के बाद नसबंदी करवाने संबंधी जानकारी भी दी जा रही है। पखवाड़े के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नसबंदी करवाने के इच्छुक दंपतियों की सूची तैयार कर नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में आयोजित नसबंदी शिविरों में नसबंदी करवाई जा रही है। जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ मनोज हुरमाड़े ने बताया कि भोपाल जिले में पिछले साल 13719 पुरुष एवं महिला नसबंदी की गई हैं। 5600 पीपीआईयूसीडी, 603 आईयूसीडी, 9080 छाया गर्भनिरोधक गोलियां, 1482 अंतरा इंजेक्शन लगाए गए हैं। भोपाल की 24 निजी स्वास्थ्य संस्थाओं को भी नसबंदी हेतु चिन्हित किया गया है। परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत महिला एवं पुरुष नसबंदी जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन की जा रही है। साथ ही अंतरा इंजेक्शन भी प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। सिविल अस्पताल डॉ कैलाशनाथ काटजू में एलटीटी, सीटीटी, एलएससीएसटीटी सहित परिवार नियोजन के सभी अस्थाई साधनों की सेवा प्रतिदिन दी जा रही है। सिविल अस्पताल बैरागढ़ में परिवार नियोजन के सभी थाई एवं अस्थाई साधन सेवाएं प्रतिदिन उपलब्ध है । नसबंदी एवं अस्थाई साधनों की सुविधा एम्स चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, गैस राहत चिकित्सालय, खुशीलाल आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कस्तूरबा चिकित्सालय एवं चिन्हित निजी चिकित्सा संस्थाओं में भी दी जा रही है ।सुल्तानिया जनाना चिकित्सालय एवं इंदिरा गांधी गैस राहत चिकित्सालय में प्रतिदिन महिला नसबंदी हो रही हैं। इसके अतिरिक्त फिक्स्ड डे सर्विसेज के तहत सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार ,जवाहरलाल नेहरू गैस राहत चिकित्सालय, कस्तूरबा चिकित्सालय में निर्धारित दिवसों में नसबंदी ऑपरेशन किए जा रहे हैं। साथ ही विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सा संस्थाओं में भी नसबंदी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी बस्ती क्षेत्र में परिवार कल्याण के अस्थाई साधनों की सुगम एवं निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से माला एन, छाया गोलियां, कंडोम और प्रेगनेंसी टेस्ट किट उपलब्ध करवाई जाती है।स्थायी साधनों के साथ साथ अस्थाई साधनों में कंडोम , माला एन, छाया गोलियां, अंतरा इंजेक्शन, आईयूसीडी,पीपीआईयूसीडी सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क उपलब्ध है।

# अनंत काल तक रहेगा प्रभु राम का अस्तित्व

(लेखक - संजय गोस्वामी)

ऐसा नहीं कि जब तक सृष्टि रहेगी, तभी तक राम की दृष्टि होगी। हमारे हमारा ग्रह पृथ्वी के बनने के कारण तक भगवान श्री राम का अस्तित्व रहेगा, सृष्टि के नष्ट होने के बाद भी भगवान इस तर्क में भूल नहीं हैं। श्री राम का अस्तित्व हमेशा रहेगा क्योंकि वो ईश्वर हैं। यह बात स्वामी विवेकानंद ने कहीं थी कि श्री राम उन देवता में से हैं जिन्होंने मर्यादा का पालन किया और उनकी दया दृश्टिकोण ही उन्हें ईश्वर के समकक्ष बनाती है। यानि ईश्वर तो सिर्फ एक है, दो चार तो नहीं हैं। सेवा के लिए पहली शर्त प्रेम है, अर्थात जिसके दिल में प्रेम हैं, वही सेवा कर सकता है। टॉल्स्टॉय ने कहा है, प्रेम स्वर्ग का रास्ता है। बुद्ध का कथन है, प्रेम इंसानियत का एक फूल है और है और प्रेम उसका मधु। रामकृष्ण परमहंस ने कहा है, प्रेम संसार की ज्योति है। विक्टर ह्यूगों का कहना है, जीवन एक फल है और प्रेम उसका मधु। रामकृष्ण परंमहंस ने कहा है, प्रेम अमरता का समुदंर है। कबीर का कथन है, जिस घर में प्रेम नहीं, उसे मरघट समझ—बिना प्राण के साँस लेने वाली लुहार की धौंकनी। ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होए।। उपरोक्त पंक्ति के रचियता कबीरदास हैं। इस पंक्ति के माध्यम से ये कहना चाह रहें है कि बड़ी बड़ी पुस्तकें पढ़ कर संसार में कितने ही लोग मृत्यु के द्वार पहुँच गए, पर सभी विद्वान न हो सके। अलग—अलग शब्दों में सभी महापुरूषों ने प्रेम का बखान किया है। वास्तव में प्रम मानव-जाति की बुनियाद है। प्रेम ऐसा चुम्बक है, जो सबको अपनी ओर खींच लेता है। जिसके हृदय में प्रेम है, उसके लिए सब अपने हैं। भारतीय संस्कृति में तो सारी पृथ्वी को एक कटुम्ब माना गया है—'वसुधैव कुटुम्बकम्।' ईश्वर केवल एक है और जिन्होंने अन्तरिक्ष की व्यवस्था चला रखी हैआप उसका(भगवान) रूप देखिये हजारों साल पहले के बाद भगवान राम वैसे ही दिखेंगे जैसे पहले की तरह दिखता है जबकि मनुष्य का रूप समय के साथ बदलता है



कई वर्षों के बाद यानी बचपन, जवानी और बुढ़ापाअपना दिखेगा राम कभी भी बुढ़ापा में नहीं दिखता है।, भगवान राम मानव के कल्याण के लिए अवतार लिया गया हैदेखने में उसका वास्तविक रूप मनुष्य जैसा नहीं है वो ईश्वर है औरजो सबकों प्रेम करता है, उससे बड़ा दौलतमंद कोई नहीं हो सकता। वह दूसरे के दिल में ऊँची भावना पैदा कर देता है। यदि गुस्सा होकर सूरज धूप और रोशनी न दे, धरती अन्न न दे, हवा प्राण न दे, तो सोचिए, हम लोगों की क्या हालत होगी! ईश्वर ने सारे इंसानो को एक-सा बनाया है। आदमी आदमी मे कोई अन्तर नही रक्खा।

## नोबल विचार

# पिछले कुछ दशकों में भारत में कई बाबाओं का उदय हुआ

पिछले कुछ दशकों में भारत में कई बाबाओं का उदय हुआ है। इसके पहले भी बाबा हुआ करते थे मगर इन दिनों बाबाओं का जितना राजनैतिक और सामाजिक दबदबा है, उतना पहले शायद कभी नहीं रहा। कई बाबा अनेक तरह के काले कामों में लिप्त भी पाए गए हैं मगर उनकी दैवीय छवि के चलते उनके अपराधों को नज़रअंदाज़ किया जाता रहा है। शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती पर उनके आश्रम के एक कर्मी शंकर रमण की हत्या का आरोप था। सत्यसांई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या हुई थी। गुरमीत राम रहीम के कुकर्मों को उजागर करने के लिए पत्रकार छत्रपति रामचंद्र को अपनी जान गंवानी पड़ी। अंततः राम रहीम कानून के पंजे में फँस गया और इन दिनों जेल में है। यह अलग बात है कि वो अधिकांश समय पैरोल पर बाहर रहता है। आसाराम बापू लम्बे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहा मगर अब वह सीखचों के पीछे है। इस समय बागेश्वर धाम नामक एक बाबा काफी लोकप्रिय है। ये कुछ उदाहरण मात्र हैं। देश में असंख्य बाबा हैं जो अपने-अपने अंधभक्तों की भीड़ से घिरे रहते हैं। उनकी रईसी देखते ही बनती है।

दो अन्य बाबाओं का ज़िक्र ज़रूरी है। एक हैं श्री श्री रविशंकर, जिन्होंने अपने उत्सव के लिए यमुना को बर्बाद कर दिया था। वे अन्ना हजारे के आरएसएस-समर्थित आन्दोलन से भी जुड़े हुए थे। फिर बाबा रामदेव हैं। रामदेव ने अपने करियर की शुरुआत योग गुरु के रूप में की थी। लेकिन बाद में उन्होंने पतंजलि ब्रांड नेम से व्यापार शुरू कर दिया। आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने और बेचने वाली इस कंपनी ने बाबा रामदेव को अरबपतियों की श्रेणी में ला खड़ा किया। बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया है और उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है। या कम से कम अब तक तो नहीं था। उनके आयुर्वेदिक उत्पादों का जबरदस्त प्रचार-प्रसार हुआ और मीडिया का एक बड़ा तबका उनका गुणगान करने लगा। बाबा और आचार्य की शैक्षणिक योग्यता के बारे में हम बहुत नहीं जानते। इस समय देश में कई आयुर्वेदिक कॉलेज हैं मगर इन दोनों के पास शायद आयुर्वेद की कोई डिग्री नहीं हैं। पड़ताल से बचने के लिए रामदेव ने देशभक्ति का लबादा ओढ़ लिया और यह कहते रहे कि वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुकाबला कर रहे हैं। असली खेल शुरू हुआ कोविड-19 महामारी के दौरान। एक ओर सरकार ने पुणे स्थित भारत बायोटेक को कोवक्सीन का विकास और उत्पादन करने हेतु भारी आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई ।

# क्या नेता यूपीएससी के जरिये चुने जाएं ?....

लेखक-राकेश अचल

चूंकि मै किसी राजनीतिक दल का प्रचारक नहीं हूँ इसलिए मुझे केंचुआ रंजीत सिंह सुरजेवाला की तरह 48 घंटे के लिए बैन नहीं कर सकता। मै रोजाना आपके लिए लिखता हूँ और आज भी लिख रहा हूँ। आज मैंने संघ लोकसेवा आयोग के नतीजों की खबर पढ़ी तो मुझे ख्याल आया कि क्यों न देश में सांसदों के चयन के लिए संघ लोकसेवा आयोग को ही मुकर्रर कर दिया जाए। यूपीएससी यानि संघ लोकसेवा आयोग वैसे भी लोक सेवक ही तो चुनता है ,फिर नेताओं को क्यों नहीं चुन सकता ? आखिर नेता भी तो लोकसेवक ही होते हैं ?

यूपीएससी का इतिहास काफी पुराना है। ये संगठन 1854 से देश के लिए लोक सेवक चुनता आ रहा है। पहले ये आईसीएस चुनता था लेकिन 1922 से आईएएस चुन रहा है। पहले यूपीएससी का नाम एफपीएससी था लेकिन भारत की आजादी के बाद जैसे ही देश में नया संविधान बना इसका नाम यूपीएससी हो गया। यूपीएससी को मै केंचुआ से ज्यादा महत्वपूर्ण मानता हूँ ,क्योंकि केंचुआ तो देश के लिए पांच साल में एक बार 543 लोक सेवक चुनता है लेकिन यूपीएससी तो लगातार ये काम करता है। इस साल भी यूपीएससी सीएसई 2023 के परिणामों में 1143 रिक्त पदों के मुकाबले 1016 के चयन की सूची जारी की गई है. इन सभी को आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, ग्रुप ए और ग्रुप बी सर्विस में सरकारी नौकरी मिलेगी।

यदि संघ लोकसेवा आयोग को ये काम सौंपा जाये तो संसद में जाने से पहले सभी नेताओं को एक नहीं बल्कि दो-दो इम्तिहान देना पड़ें। मजेदार बात ये हो कि भावी लोकसेवकों को न टिकिट पाने के लिए किसी की चिरौरियाँ करना पड़ें और न नोट देना पड़ें। किसी हाईकमान की, किसी संसदीय बोर्ड की जरूरत ही न पड़े। कम से कम न्यूनतम योग्यता वालों को ही संसद में जाने की पात्रता तो होगी। अभी तो संसद में जाने की कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता तय ही नहीं है। अभी तो बस आपकी उम्र 25 साल के ऊपर होना चाहिए। आपकी योग्यता का पैमाना आपकी शिक्षा ,चाल-चलन नहीं है आपका पुलिस से चरित्र सत्यापन भी जरूरी नहीं है । आप खुद अपने ऊपर चले रहे मामलों की जानकारी दे दें तो आपकी कृपा है। आपने नेता बनने से पहले कितना ,क्या और कैसे कमाया ? कोई नहीं पूछता । ईडी,सीबीआई तो बाद में आपके पीछे लगती है। वो भी तब जब आप सत्ता के साथ नहीं बल्कि आश्रम के साथ खड़े होते हैं तब।



**केंचुआ को संसद सुनने से पहले आदर्श आचार संहिता लगना पड़ती है जो उसके हिसाब से नहीं सत्ताधीशों के हिसाब से काम करती है। केंचुआ किसी को भी चुनाव से पहले और चुनाव के बाद एडवायजरी जारी कर सकता है ,किसी को भी चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। केंचुआ किसको कितनी आजादी दे ये सत्ता तय करती है ,केंचुआ नहीं। यूपीएससी में ये सब झंझट नहीं है। निर्धारित अहर्ता है तो पहले प्रिलिम्स में उत्तीर्ण होइए और फिर मुख्य परीक्षा में अपनी योग्यता का मुजाहिरा कीजिये।**

केंचुआ को संसद सुनने से पहले आदर्श आचार संहिता लगना पड़ती है जो उसके हिसाब से नहीं सत्ताधीशों के हिसाब से काम करती है। केंचुआ किसी को भी चुनाव से पहले और चुनाव के बाद एडवायजरी जारी कर सकता है ,किसी को भी चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। केंचुआ किसको कितनी आजादी दे ये सत्ता तय करती है ,केंचुआ नहीं। यूपीएससी में ये सब झंझट नहीं है। निर्धारित अहर्ता है तो पहले प्रिलिम्स में उत्तीर्ण होइए और फिर मुख्य परीक्षा में अपनी योग्यता का मुजाहिरा कीजिये। अगर योग्यता नहीं है तो चाहे चाय बेचिये या पकौड़े। कोई रोकने वाला नहीं। सांसद बनने के लिए कोई न्यूनतम योग्यता नहीं है। चाय बेचने वाला हो ,मजदूर हो , हत्याभियोगी हो ,जेबकतरा हो, संसद के लिए चुनाव लड़ सकता है। केवल सजायाफ्ता नहीं होना चाहिए। हो भी तो दो साल से कम की सजा वाला हो।

मुमकिन है कि आप मेरी कल्पना पर हँसे ,मुझे मूर्ख भी कहें ,आपको ये छूट भारतीय संविधान ने दी है। सत्ता आपको ये छूट नहीं देती ,लेकिन चूंकि मै संविधान के विधान को मानता हूँ इसलिए मै आपको ये आजादी देता हूँ। मै आजादी का परम उपासक भी हूँ और समर्थक भी । मैंने 1975 में भी आजादी पर हमलों का विरोध किया था और पचास साल बाद 2024 में भी कर रहा हूँ। मुझे जब से मतदान का अधिकार मिला है मै नेता की सूरत देखकर मतदान नहीं करता । मै पार्टियों का चल,चरित्र और चेहरा देखता हूँ। मै मंदिर-मस्जिद,मजहब के नारे देने वालों को भूलकर भी वोट नहीं देता। मै वोट देने से पहले उम्मीदवार की जाति या छाती का आकार भी नहीं देखता। अनेक मौकों पर ऐसा हुआ कि मुझे अपने इलाके में कोई उम्मीदवार समझ नहीं आया तो मैंने मतदान में हिस्सा नहीं लिया । मेरी इस मूर्खता की वजह से बज्जर मूर्ख उम्मीदवार जीत गए। इसका अफ़सोस मुझे आजतक है।भारत में यदि सब कुछ संविधान के मुताबिक चले और सांसद चुनने का काम भी यदि संघ लोकसेवा आयोग जैसे किसी संस्थान को सौंप दिया जाये तो मै अपना मताधिकार तक समर्पित करने को राजी हूँ। मेरा वोट खरीदने वाले देश में ढेरों है। मान लीजिये कि यदि मै अपना वोट न भी बेचूँ तो खरीदार मेरे वोट से चुने सांसद और विधायक को खरीद लेते हैं। वे तो पूरी की पूरी सरकार ही खरीद लेते हैं। आपका लोकसेवक यदि किसी आयोग द्वारा तय परीक्षा से चुना जाएगा तो कम से हाल के हाल तो नहीं बिकेगा ! उसे भ्रष्ट होने में कुछ वक्त लगेगा । वो थोड़ा-बहुत तो नैतिक होगा। वो आपने हाथ से अपने वेतन-भत्ते नहीं बढ़ा पायेगा। वो संसद में पहूंचकर केवल मेजें नहीं थपथपाएगा । केवल अपने नेता के नाम की माला नहीं जपेगा । उसे जिस काम के लिए भेजा गया है ,वो काम भी करेगा।

अभी तो मै देखता हूँ कि आप केंचुआ की देखरेख में चुनते हैं ,उसका कोई खाड़ा[ भरोसा ] नहीं। चुनाव के बाद वो आपको मिल ही जाये इसकी कोई गारंटी नहीं है। न राहुल बाबा इसकी गारंटी दे सकते हैं और न मोदी बाबा। संघ लोकसेवा आयोग द्वारा चुने जाने वाले लोकसेवकों को ये आजादी नहीं है। वे निलंबित किये जा सकते है। बर्खास्त किये जा सकते हैं। उनका तबादला किया जा सकता है। उनके वेतन-भत्ते रोके जा सकते हैं। उनके खिलाफ आय से ज्यादा सम्पति रखने पर कार्रवाई हो सकती है। केंचुआ की देखरेख में चुने जाने वाले लोकसेवक परम स्वतंत्र होते हैं। वे किसी को भी मार्गदर्शक मंडल में डाल सकते हैं और किसी को भी बाहर निकाल सकते हैं भले ही वे खुद मार्गदर्शक मंडल में जाने की पात्रता रखते हों। अभी हम जिन लोकसेवकों को चुनते हैं उन्हें रिटायर नहीं किया जा सकता। वे जब चाहें तब तक चुनाव लड़ सकते हैं,,राजनीति कर सकते हैं।जितना चाहे कमा सकते हैं

बहरहाल मेरी कल्पना अभी हाल-फिलहाल तो साकार नहीं हो सकती। इसलिए 19 अप्रेल को जब आप पहले चरण के लिए लोकसेवक चुनने जा रहे हों तो अपनी आँखें खोलकर रखें। उन्हें चुनें जो राम के नाम पर वोट न मांग रहे हो। जो मजहब के नाम पर कटोरा लेकर आपके घर न आये हों। जिन्होंने अपनी गरीबी का रोना न रोया हो।जो झारखण्ड में सीताहरण कि लिए दोषी न हों मै आपसे किसी दल विशेष के प्रत्याशी को वोट देने के लिए नहीं कहूंगा। मेरा आग्रह तो ये है कि आप अपने प्रत्याशी का चल,चरित्र और चेहरा देखे ।

# महिला वोट बैंक को लुभाने की होड़

लेखक-उमेश चतुर्वेदी

चुनाव की तारीखों की घोषणा करते वक्त चुनाव आयोग ने एक ऐसा आंकड़ा दिया था, जो बदलते भारतीय समाज की कहानी कह रहा है। आयोग के मुताबिक देश के बारह राज्य ऐसे हैं, जहां महिला वोटरों की संख्या पुरुष मतदाताओं की तुलना में ज्यादा है। निस्संदेह पिछले कुछ चुनावों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और स्वायत्त फैसले लेने की प्रवृत्ति का नतीजा नजर आने लगा है।

लोकतांत्रिक और शासन प्रक्रिया के राजनीतिक दल ऐसे अंग हैं, जिनके प्रति समाज के एक बड़े तबके की सोच बेहतर नहीं है। इस वजह से राजनीतिक दल को लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनिवार्य बुराई मानने वालों की संख्या भी कम नहीं है। लेकिन इसके बावजूद राजनीतिक दलों का शीर्ष नेतृत्व की सोच और उनका नजरिया कहीं ज्यादा गहरा और दूरंदेशी होता है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने पारंपरिक चतुर्वणीय व्यवस्था की बजाय समाज में चार जातियों के रूप में महिला, युवा, गरीब और किसान की पहचान की। चुनावी प्रक्रिया का गहराई से विश्लेषण करें तो पाएंगे कि ये




चारों वर्ग मतदान के रुख और मुद्दों को प्रभावित करने का ठोस आधार रखते हैं। तकनीक और संचार क्रांति के भारत में महिलाएं और नौजवान चुनावी उपभोक्ता और ग्राहक-दोनों के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ आदि के पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा की आशातीत सफलता की वजह महिलाएं मानी गईं। चुनावी जानकार कल्याण योजनाओं के जरिए उपजे नए वर्ग में महिलाओं की भारी संख्या को सम्मिलित मानता है। पुरुषों की तुलना में महिला वोटरों की ज्यादा संख्या और बेहतर लिंग अनुपात वाले इलाकों के लोकसभा चुनाव नतीजों पर इनका प्रभाव नजर आता है।

चुनाव आयोग के आंकड़े के मुताबिक तुलनात्मक रूप से ज्यादा महिला वोटर और बेहतर लिंग समानता वाले इलाकों से 143 लोकसभा सीटें आती हैं। इनमें बीजेपी के सांसदों की संख्या 40 है। महिला वर्चस्व या बेहतर लिंगानुपात वाली इन सीटों पर 29 सांसदों के साथ कांग्रेस दूसरे नंबर पर है। तीसरे नंबर पर 17 सीटों के साथ डीएमके है तो चौथे नंबर पर वाईएसआर कांग्रेस है, जिसके दस सांसद हैं। आठ सांसदों के साथ जेडी यू इस लिस्ट में पांचवें नंबर पर है। जबकि बाकी 39 सीटों पर अन्य दलों के सांसद चुने गए हैं।

बेशक महिलाएं अब मतदान में अपनी स्वायत्त सोच का परिचय दे रही हैं। महिलाएं अब पहले की तरह अपने घर के पुरुषों के पसंद वाले दलों और प्रत्याशियों को वोट नहीं दे रहीं, बल्कि अपनी पसंद वाले प्रत्याशी और दल वोट दे रही हैं। यहां ध्यान देने की बात यह है कि महिला प्रधान ये ज्यादातर सीटें उत्तर पूर्व, पूर्व और दक्षिण भारत के राज्यों में हैं। इन राज्यों में ज्यादातर चुनाव पहले से तीसरे दौर में ही खत्म हो जाना है। इसलिए सभी दलों ने महिला वोटरों को लुभाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

# सुखी जीवन के तीन सूत्र

सुखी, स्वाभिमान एवं सम्मान के साथ जीवन जीने के तीन सूत्र हैं- उपयोगिता, भावना एवं कर्तव्य। उपयोगिता संबंधों को प्रगाढ़ करती है, भावना परिवार को मजबूत करती है और कर्तव्य घर, परिवार, समाज में एकता एवं समन्वय स्थापित करते हैं। उक्त प्रेरक विचार मुनि पुलकसागर महाराज ने प्रवचन माला में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि उपयोगिता के बदले उपयोगिता, भावना के बदले भावना चाहिए, लेकिन कर्तव्य के बदले कुछ नहीं चाहिए। कर्तव्य तो निस्वार्थ भावना से किए जाते हैं। छोटी-सी भूल सदियों की सजा बन जाती है, इसलिए हमें जीवन सही और व्यवस्थित तरीके से जीना चाहिए। जिन माँ-बाप ने हमें खून दिया उन्हें बुढ़ापे में खून के आँसू बहाने पर मजबूर करना कायरता है। जिन्होंने अपने खून से हमे बड़ा किया उनके लिए खून बहा देना मानवता है, जबकि असहाय जीवों का खून बहा देना हिंसा और अमानवीयता है।

भगवान राम ने कर्तव्य की खातिर सौतेली माँ के वचनों को स्वीकार कर लिया, क्या आप भी इतने कर्तव्यनिष्ठ होकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं? अगर नहीं तो आपका जीवन सार्थक नहीं है। श्रवण कुमार अपने पुत्र होने का कर्तव्य बगैर किसी तर्क के निभाता है। कर्तव्य के पालन में तर्क नहीं समर्पण की जरूरत पड़ती है। कहा कि प्रसन्नता संसार का सबसे बड़ा सुख है, जो प्रसन्न है, वह सुखी है और जो सुखी है वह अवश्य प्रसन्न रहेगा। प्रसन्न मन ही आत्मा को देख सकता है, परमात्मा का साक्षात्कार कर सकता है और जीवन के समस्त श्रेयों को पा सकता है। जीवन को हर प्रकार से सफल बनाने के लिए प्रसन्न रहना आवश्यक है। कहा कि अध्यापक को ऐसी वाणी बोलनी चाहिए



जिससे बच्चे उनसे प्यार करे, उन्हें अपनी भावनाओं और मन की इच्छाओं को व्यक्त करने में कोई झिझक न हो। मृदुभाषी से हम संसार को जीत सकते हैं, परंतु क्रोध, अहंकार, लोभ, मद से हमारी हार होती है। ब्रजेश सिंह, अशोक प्रसाद, सुनील सिंह, विपिन तिवारी, सरवर अजीम, रवि शुक्ला, प्रदीप चौधरी आदि उपस्थित थे।

# रोजगार के अवसर ढूंढ रहा देश का युवा

लेखक-राजेश रामचंद्रन

क्या यह घड़ी 2004 जैसी है? चौंकाने वाले परिणाम के साथ वह आम चुनाव विशेष रहा । केवल हारने वाले के लिए बल्कि जीतने वाले के लिए भीऔर राजनीतिक पंडितों पर काफी देर तक इन नतीजों का असर बना रहा कि कैसे मायावी प्रचार की परिणति सत्ता में बदलाव बनकर आई। तथ्य यह है कि कांग्रेस ने जीत के लिए विशेष प्रयास नहीं किए थे लेकिन भाजपा के 'शाइनिंग इंडिया' नारे ने यह हाल करवा दिया। क्योंकि अधिकांश लोगों के लिए 'चमकता भारत' जैसा कुछ नहीं था, लिहाजा किसी नारा-लेखक की कलम से निकली यह चतुराई भरी पंचलाइन उलटी पड़ गयी।

यहां जो बात 2004 के चुनावी परिदृश्य की याद दिला रही है, वह है सेंटर फॉर स्टडी ऑफ डेवेलपिंग सोसायटीज़ (सीएसडीएस) द्वारा करवाया हालिया सर्वे यह एक थिंक टैंक है जिसकी स्थापना तकरीबन 60 साल पहले राजनीतिक विज्ञान के माहिर रजनी कोठारी, डीएल शेठ और आशीष नंदी द्वारा की गई थी। इस सर्वे के परिणाम बीते बृहस्पतिवार को एक राष्ट्रीय दैनिक अखबार में छपे। इसके मुताबिक, मुख्य चुनावी मुद्दा हिंदुत्व न होकर बेरोजगारी और कीमतों में वृद्धि (महंगाई) है (यानी कि यह मुख्य चिंता है, जैसा कि सर्वे ने परिभाषित किया है) राम मंदिर और भ्रष्टाचार, दोनों 8 प्रतिशत सहित, मुद्दों की सूची में पांचवें पायदान पर हैं जबकि मुख्य चिंताओं के क्रम में, रोजगार (27), महंगाई (23), विकास (13) और अन्य (9 प्रतिशत) इनसे ऊपर हैं। सर्वे में



बेरोजगारी को लेकर संत्रास का स्तर चौंकाता है। सर्वेकर्ताओं का दावा है कि यह अध्ययन 19 सूबों के 100 संसदीय चुनाव क्षेत्रों में 400 मतदान केंद्रों के अंतर्गत 10,019 लोगों से बातचीत पर आधारित है। सर्वे में भाग लेने वालों में लगभग 62 प्रतिशत का कहना है कि नौकरी पाना मुश्किल हो गया है, स्थिति बड़े शहरों में छोटे कस्बों व गांवों के मुकाबले ज्यादा दुरूह है। यह चिंताजनक आंकड़ा है। आम नागरिकों में सबसे बड़ी संख्या रखने वाले वर्ग में रोजगार की उपलब्धतता किसी समाज की प्रगति का वास्तविक पैमाना होता है न कि स्टॉक सूचकांक में हो रही उत्तरोत्तर बढ़ोतरी या फिर भारतीय खरबपतियों की संपत्ति में होता इजाफा। वर्ष 2004 में भले ही सत्ताधारियों के मुताबिक तो भारत चमक रहा था किंतु गरीबों के लिए ऐसा कुछ नहीं था, लिहाजा उन्होंने अपना गुस्सा मतदान से जाहिर कर दिया।

जिस अन्य मुद्दे ने गरीब इंसान पर चोट की है वह है कीमतों का बढ़ना : अध्ययन में भाग लेने वालों में 71 प्रतिशत ने बढ़ती महंगाई की बात की है और गरीब तबके में यह आंकड़ा इससे भी ऊपर है- उनमें 76 प्रतिशत परेशान हैं। इस पर भाजपा को बैठकर ध्यान देना और मनन करना चाहिए। बेरोजगारी और महंगाई, जीवनयापन से परस्पर जुड़े दो ऐसे मुद्दे हैं, जिनकी अहमियत पहचान आधारित राजनीति से कहीं ऊपर है। यदि सबसे बुरी तरह प्रभावित मतदाता परेशान है और बहुत विशाल संख्या में है, तो जनमत-निर्माता और सोशल मीडिया इन्फलुएंसर जो मर्जी कहें, हकीकत में इनका कोई असर नहीं और सर्वे के मुताबिक, सच सिर्फ यही है।

2004 के विपरीत, कदाचित वर्तमान केंद्र सरकार को व्याप्त संत्रास के बारे में जानकारी है। चुनाव पूर्व इसकी तमाम गतिविधियां दर्शाती हैं कि सत्ताधारी दल को सुधारक उपाय करने की जल्दी लगी है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, भाजपा या तो स्थानीय भागीदारों से गठबंधन कर रही है या यह सुनिश्चित करने में लगी है कि चुनाव तीन या चार कोणीय बन जाए ताकि विपक्ष के मत बंट सकें। कम-से-कम ऊधमपुर में गुलाम नबी आज़ाद की पार्टी ने यह सुनिशिचत कर दिया है ।

| मेष | वृष | मिथुन | कर्क |
|---|---|---|---|
| साम्थर्य होते हुए भी कार्य विफलत्व बना रहेगा, कार्य की प्राप्ति होगी। | शत्रु से हानि कार्य व्यय, शारीरिक सुख होवे कभी कुछ कष्ट अवश्य होगा। | वाहन भय मातृकष्ट हानि तथा अशान्ति का वातावरण रहेगा ध्यान देवें। | कार्यकुशलता से संतोष प्राप्त होगा , उच्च अ धिकारियों का सहयोग मिलेगा |
| **सिंह** | **कन्या** | **तुला** | **वृश्चिक** |
| स्त्री वर्ग से हर्ष-उल्लास, भोग-ऐश्वर्य की प्राप्ति तथा कार्यगति व्यर्थ रह जायेगी | आर्थिक योजना पूर्ण हो, समय पर सोचे कार्य अवश्य ही बनेंगे, समय का ध्यान रखें। | क्लेश व अशांति, परिश्रम करने पर भी आरोप-क्रोध होगा, रुके कार्य का ध्यान रखें। | कुटुम्ब की समस्याओं से क्लेश तथा धन-हानि होगी, मानसिक बेचैनी। |
| **धनु** | **मकर** | **कुंभ** | **मीन** |
| आरोप, क्लेश तथा अशांति से बचियेगा, भावपूर्ण वार्ता अवश्य ही बनेगी। | अधिकारियों का मेल-मिलाप फलप्रद रहे, कार्य-कुशलता से संतोष होगा, ध्यान रखें। | योजनाएं फलीभूत हैं, सफलता के साधन जुटायें, लाभ अवश्य ही होगा। | धन लाभ, सफलता का हर्ष, प्रभुत्व वृद्धि तथा सामाजिक कार्य बने जायेंगे। |

ड़ॉ पीएल गौतमाचार्य

## ब्रीफ न्यूज

### म्यांमार नव वर्ष के मौके पर 3,000 से अधिक कैदियों को माफी

यांगून । म्यांमार की राज्य प्रशासन परिषद ने पारंपरिक म्यांमार नव वर्ष के पहले दिन 3,000 से अधिक कैदियों को माफी दे दी। रिपोर्ट के हवाले से परिषद ने कहा कि उनमें 3,303 म्यांमार के नागरिक और 36 विदेशी कैदी हैं, जिसमें 13 इंडोनेशियाई नागरिक और 15 श्रीलंकाई नागरिक शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि माफी म्यांमार के पारंपरिक नए साल के दिन दी गई है, जो लोगों के लिए खुशी का दिन है। एक अलग क्षमा आदेश में परिषद ने दक्षिण पूर्व एशियाई देश की जेलों में बंद कुछ कैदियों की सजा को छठे हिस्से तक कम कर दिया। म्यांमार में पारंपरिक नए साल पर कैदियों को माफ़ करने की प्रथा है। पिछले साल, म्यांमार के पारंपरिक नए साल के दिन 3,000 से अधिक कैदियों को रिहा किया गया था।

### समलैंगिक समुदाय की समस्या को लेकर समिति गठित

नई दिल्ली । केंद्र ने समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए कैबिनेट सचिव की अगुवाई में एक समिति गठित की है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष 17 अक्टूबर को केंद्र से समलैंगिक समुदाय के मुद्दों पर गौर करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति गठित करने को कहा था जिसके अनुपालन में यह समिति गठित की गई है। अधिसूचना के अनुसार, समिति समुदाय से जुड़े मुद्दों को देखने तथा केन्द्र और राज्य सरकार को इसतरह कदमों के बारे में सुझाव देगी जिससे समलैंगिक समुदाय को वस्तुओं और सेवाओं तक बिना किसी भेदभाव तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। यह समिति उठाए जाने वाले कदमों की भी जांच करेगी ताकि समलैंगिक समुदाय को हिंसा, उत्पीड़न आदि के खतरे का सामना न करना पड़े।

### पहले चरण में 8 केंद्रीय मंत्रियों सहित इन दिग्गजों की दांव पर किस्मत

नई दिल्ली। देश में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का पहला चरण होगा, इसके तहत 102 सीटों पर मतदान होगा। पहले चरण में मोदी सरकार के आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत का फैसला जनता करेगी। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने की आस लगाए बैठे हैं। गडकरी ने 2014 के लोकसभा चुनाव में सात बार के सांसद विलास मुत्तेमवार को 2.84 लाख मतों से और 2019 के चुनावों में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के वर्तमान प्रमुख नाना पटोले को 2.16 लाख मतों से हराकर भारतीय जनता पार्टी को दूसरी बार लगातार नागपुर सीट से विजयी बनाया था।

### इंसानियत शर्मसारः पिता ने मासूम बेटी को बनाया हवस का शिकार

पटना । बिहार के बेतिया में रिश्तों को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। जहां एक पिता ने अपनी मासूम बेटी के साथ दुष्कर्म कर दिया। मासूम बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आरोपी पिता को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। घटना बेतिया जिले लौरिया थाना के एक गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी पिता अपने कमरे में सोया था। उसी कमरे में उसकी पांच वर्षीय बेटी भी सोई थी। इसी बीच उसकी दरिंदगी जाग उठी और उसने अपनी बेटी को ही हवस का शिकार बना लिया । पीड़िता की मां ने जब बेटी को रोते-बिलखते हुए देखा और पूछताछ की तो उसने जो बताया उससे मां के रोंगटे खड़े हो गए और बच्ची की मां ने पहले पति की जमकर धुनाई की फिर अपने भाइयों को बुलाकर आरोपी पति को पुलिस के हवाले कर दिया है।




डेनमार्क में पुराने स्टॉक एक्सचेंज में लगी आग के बाद उठता हुआ धुआं।

### भारतीय चुनाव आयोग के आदेश से असहमत एक्स

नई दिल्ली । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने लोकसभा चुनावों से पहले अपने प्लेटफॉर्म से कई पोस्ट को हटाया है। इन राजनैतिक पोस्ट पर रोक एक्स ने चुनाव आयोग के कहने पर लगा दी है। हालांकि कंपनी एक्स ने बयान में एक्शन पर असहमति जताकर कहा है कि वहां पोस्ट हटाने के पक्ष में नहीं हैं, लेकिन चुनाव आयोग के आदेश पर उन्होंने ये एक्शन लिया है। कंपनी 'एक्स' ने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी इन पोस्ट्स और सामान्य रूप से सभी राजनीतिक भाषण पर लागू होनी चाहिए। दरअसल चुनाव आयोग ने कुछ नेताओं, चुने हुए प्रतिनिधियों, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से किए गए राजनीतिक पोस्ट्स को कार्रवाई करने के लिए 'एक्स' को आदेश जारी किए है। आयोग के आदेशों का पालन करते हुए चुनाव की बाकी अवधि तक इन पोस्ट्स को रोक दिया है।' अपनी पोस्ट में एक्स ने लिखा, 'भारत के चुनाव आयोग ने एक्स को निर्वाचित राजनेताओं, राजनीतिक दलों और कार्यालय के उम्मीदवारों द्वारा शेयर किए गए राजनीतिक भाषण वाले पोस्ट पर कार्रवाई करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए हैं।

## इस गृहयुद्ध का अब बच्चों के भविष्य पर भी पड़ रहा असर

# सूडान हिंसा से करीब 18 मिलियन लोग भुखमरी की कगार पर

**संघर्ष में अब तक 14,600 से ज्यादा लोगों की हो चुकी मौत**

एजेंसी | खरतौम



सूडान में हिंसक संघर्ष को एक साल हो गया। देश में सालभर से चल रही हिंसा का यह दौर अब खतरनाक स्थिति में पहुंच चुका है इस हिंसा के चलते अब यहां लोगों के सामने भूखमरी, बेरोजगारी जैसी समस्या पैदा हो गई है। हाल ही में यूनिसेफ की आई एक रिपोर्ट के अनुसार इस गृहयुद्ध का अब बच्चों के भविष्य पर भी पड़ रहा है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे जिस कारण उनकी पढ़ाई एक तरह से ठप हो गई है। यूएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक युद्ध के कारण सूडान में अब तक लगभग 18 मिलियन लोग भुखमरी की कगार पर हैं, जिनमें 5 मिलियन लोग इमरजेंसी लेवल पर हैं। 5 साल से कम उम्र के 3.5 मिलियन बच्चे यानी हर सातवां बच्चा कुपोषण का शिकार हो चुका है और यहां का मृत्यु दर भी बेहद चौंकाने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार यहां के लगभग 19 मिलियन स्कूली बच्चों में से 90 फीसदी से ज्यादा बच्चों के पास औपचारिक रूप से शिक्षा की पहुंच नहीं है। रिपोर्ट में दावा किया है जाहिर है कि इससे इस देश के भविष्य में सबसे बड़ा संकट पैदा हो सकता है। यूनीसेफ ने इसी रिपोर्ट में कहा कि सूडान में कुपोषण से ग्रसित आधे से ज्यादा बच्चे युद्ध वाले क्षेत्र से हैं, जहां पर आम सुविधाएं मुहैया करना बेहद मुश्किल है। उनके मुताबिक भुखमरी और कुपोषण बच्चों को मौत की तरफ धकेल रही है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, सूडान संघर्ष में अब तक 14,600 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इतना ही नहीं इस संघर्ष में लगभग 10.7 लाख से ज्यादा लोगों बेघर हो गए है। इस युद्ध के कारण पूरे देश का राजनीतिक, मेडिकल और आर्थिक ढांचा ढह गया है। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि 46 लाख की आबादी वाले सूडान में 25 लाख को तुरंत मदद की जरुरत है। फरवरी में इस देश में हैजा के मरीजों की संख्या 10,700 तक पहुंच गई थी. जिसके कारण देश के लगभग 80 फीसदी अस्पताल बंद हो गए थे।

### ये है संघर्ष शुरु होने की वजह

15 अप्रैल 2023 को सूडानी सशस्त्र बल प्रमुख अब्देल फतह अल-बुरहान और उनके पूर्व डिप्टी मोहम्मद हमदान डागलो, अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के कमांडर के बीच सत्ता को लेकर जंग छिड़ गई थी। जिसकी कीमत पूरा देश चुका रहा है। सूडान को साल 1956 में आजादी मिली थी। उसके बाद से अब तक 35 बार इस देश में तख्तापलट या उसकी कोशिश हो चुकी है। 2019 में लंबे समय तक तानाशाह उमर अल-बशीर के खिलाफ विद्रोह हुआ और उनको सत्ता से बेहखदल कर एक सैन्य-नागरिक संक्रमणकालीन सरकार बनाई गई, तो सूडानी नागरिकों में एक उम्मीद जगी थी। उन्हें उम्मीद थी कि उनका देश लोकतांत्रिक शासन में परिवर्तित हो जाएगा। लेकिन ये उम्मीदें अक्टूबर 2021 में धराशायी हो गईं जब अब्देल फतह अल-बुरहान ने संक्रमणकालीन सरकार में अपने नागरिक समकक्षों के खिलाफ तख्तापलट कर दिया। इसके बाद से ही सेना और अर्धसैनिक बल आमने-सामने गए और गृहयुद्ध की स्थिति बन गई। फिल्हाल देश को सेना और आरएसएफ चला रहे हैं। सूडान सरकार की असली कमान सेना प्रमुख जनरल अब्देल फतेह अल बुरहान के हाथों में है। वे एक तरह से देश के राष्ट्रपति हैं। वहीं सॉवरेन काउंसिल के डिप्टी और आरएसएफ़ प्रमुख मोहम्मद हमदान दगालो देश के दूसरे नंबर के नेता हैं। इन्हीं दोनों के बीच यह लड़ाई है। युद्ध की मुख्य वजह सेना और अर्धसैनिक बल आरएसएफ के विलय को लेकर है। इस विवाद के बीच सबसे बड़ा सवाल है कि करीब एक लाख की तादाद वाली रैपिड सपोर्ट फ़ोर्स का अगर सेना में विलय हो जाता है तो सभी का नेतृत्व कौन करेगा।

## जमुई में मतदान से पहले वायरल वीडियो ने बदल दिए सियासी समीकरण

### वीडियो में तेजस्वी यादव की मौजूदगी

एजेंसी | पटना



19 अप्रैल को बिहार की जिन चार सीटों पर मतदान है, उसमें जमुई सीट पर अचानक हलचल हो गई। यह एक वीडियो वायरल हुआ जिसने सारे गणित-समीकरण हिला दिए। जमुई (आरक्षित) सीट पर भी गया, औरंगाबाद और नवादा की तरह बुधवार शाम चुनाव प्रचार थम जाएगा। लेकिन, जमुई सीट पर बहुत ही बड़ा खेला हो गया है। इस खेला के गवाह राष्ट्रीय जनता दल की कमान संभालने वाले पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी हैं, यह वीडियो दिखा रहा है। यह वीडियो जमुई की एक बड़ी आबादी तक शाम ही पहुंच गया। रातभर लोग देखते और फॉरवर्ड करते रहे। वीडियो में इतनी अश्लील बातें हो रहीं कि उसकी एक लाइन भी प्रकाशित नहीं की जा सकती, लेकिन यह तय है कि वीडियो ने हवा का रुख एक झटके में बदल दिया है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि तेजस्वी जनसभा को संबोधित करने के लिए माइक पर हैं। उनके बगल में जमुई की राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी अर्चना रविदास खड़ी हैं। और, मंच के ठीक सामने राजद की महिला प्रत्याशी के आगे चिराग पासवान और उनकी मां को लेकर आपत्तिजनक बातें कही जा रही हैं। एक बार नहीं, बार-बार। राजद समर्थक यह अपशब्द बोल रहे हैं और सामने राजद के पूर्व विधायक विजय कुमार को संबोधित करते हुए जीत का दावा कर रहे हैं। वीडियो मंगलवार का नहीं, लेकिन इसने जैसे तूफान मचा दिया है। इस वीडियो के साथ लोग लिखकर वायरल कर रहे हैं कि जीतने के पहले यह हाल है, जीत गई तब क्या होगा? वायरल हुआ वीडियो इसलिए भी मायने रख रहा है कि इसमें महिला के लिए अपशब्द कहे जा रहे हैं और यहां कुल 19.50 लाख वोटरों में करीब आधी संख्या महिला मतदाताओं की है।

## ईरान से बदले का दावा, इजरायल ने हिजबुल्लाह के दो टॉप कमांडरों को लेबनान में मार गिराया

एजेंसी | तेल अवीव



ईरान और इजरायल के बीच चल रही तनातनी कम होने का नाम नहीं ले रही है। दोनों देशों के बीच आए दिन एक नया विवाद दिखाई देता है। अब ईरान के हमले के बाद इजरायल ने बदला लेने का दावा किया है। इजरायल ने मंगलवार रात लेबनान में निशाना बनाकर किए गए हमले में ईरान के द्वारा तैयार हथियारबंद गुट हिजबुल्लाह के दो कमांडरों को ढेर कर दिया। मारे जाने वालों में हिजबुल्लाह का शीर्ष कमांडर इस्माइल यूसुफ बाज भी शामिल है, जिसने इजरायल के खिलाफ मिसाइल हमलों की योजना बनाई थी। इजरायली रक्षा बल ने ये जानकारी दी है।आईडीएफ ने दावा किया कि उसके एक विमान ने मंगलवार को इजरायल की सीमा से 7 किलोमीटर दूर स्थित लेबनान के एन एबेल क्षेत्र में हमला कर इस्माइल यूसुफ को मार गिराया। हिजबुल्लाह ने अभी तक आईडीएफ के हमले में अपने कमांडरों की मौत के बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है। इजरायल की ताजा कार्रवाई ईरान के उस हमले के बाद हुई है, जिसमें ईरानी सेना ने उसके ऊपर 300 से ज्यादा मिसाइलें और किलर ड्रोन दागे थे। इजरायल इसके पहले भी लेबनान में हिजबुल्लाह के कई कमांडरों को निशाना बना चुका है। आईडीएफ प्रवक्ता ने कहा, इस्माइल लेबनान के भीतर से इजरायल के ऊपर रॉकेट और एंटी-टैंक मिसाइल हमले की योजना बनाने में शामिल था। युद्ध के दौरान उसने इजरायल के खिलाफ कई आतंकी हमलों की

## दुबई में बाढ़ ने मचाई तबाही- एयरपोर्ट डूबा, स्कूल कालेज और मेट्रो भी करना पड़े बंद

एजेंसी | दुबइ



संयुक्त अरब अमीरात में मूसलाधार बारिश के कारण के जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है। भारी बारिश के चलते अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पानी से तरबतर हो गया और रनवे भी पानी में डूब गया। हालात बिगड़ते दे दुबई के सभी स्कूल कालेज बंद कर दिए गए हैं। दुनिया के सबसे व्यस्ततम हवाईअड्डों में से एक दुबई हवाईअड्डे की वेबसाइट पर 16 अप्रैल को दर्जनों उड़ानें रद्द दिखाई गई हैं। इनमें भारत, पाकिस्तान, सऊदी और यूनाइटेड किंगडम सहित कई देशों की फ्लाइट शामिल हैं। दुबई में भारी बारिश के कारण पूरे रेगिस्तानी देश में बाढ़ आ गई, जो आंशिक रूप से क्लाउड सीडिंग के कारण उत्पन्न हुई थी। इसके कारण दुबई के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार को आने वाली कई उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। बारिश के कारण दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को 25 मिनट के लिए ऑपरेशन रोकना भी पड़ गया। बारिश के कारण स्कूल बंद करने पड़े और यातायात ठप कर दिया। दुबई हवाई अड्डे पर मंगलवार शाम को 100 से अधिक उड़ानों के लैंड करने की उम्मीद थी।

# ईरान क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा

### इंडोनेशिया के विदेश मंत्री से ईरानी विदेश मंत्री ने की फोन पर बात

एजेंसी | तेहरान



ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन ने इंडोनेशिया के विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कहा कि ईरान क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। इस दौरान दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में वर्तमान घटनाओं पर बात की, जिसमें इजरायल पर ईरान के बड़े पैमाने पर जवाबी हमले और गाजा पट्टी की स्थिति के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंध भी शामिल थे।

एक रिपोर्ट के अनुसार विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि ईरान हमेशा क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा। उन्होंने कहा कि इजरायल क्षेत्र में तनाव और युद्ध का मूल कारण है। विदेश मंत्री ने एक अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायल के कथित हमले की इंडोनेशिया की निंदा की सराहना की और इजरायली हमले को आक्रामकता का कार्य बताया।

### क्या श्रीलंका में मिल गया लंका के राजा रावण का महल

कोलंबो । श्रीलंका में एक विशालकाय चट्टान के ऊपर एक खोए हुए प्राचीन शहर की खोज से पुरातत्वविद और इतिहासकार हैरान हैं। श्रीलंका के मध्य में मौजूद सिगरिया शहर के खंडहर यहां आने वालों को आश्चर्य से भर देते हैं। यह मौजूदा अवशेष बताते हैं कि यह एक विशाल नगर था, जो पहली नजर में किसी राजा की राजधानी जैसा मालूम पड़ता है। यह एक ऊंची चट्टान पर स्थित है और इसके निर्माण की तकनीक आज भी पुरातत्वों को चकित कर देती है। ये अपने दौर की शानदार इंजीनियरिंग का नमूना पेश करता है। कुछ लोग कहते हैं कि एक महत्वपूर्ण बौद्ध मठ था, जबकि यहां मिली चीजों के आधार पर कुछ लोगों का मानना है कि हिंदू धर्मग्रंथ रामायण में वर्णित लंका के राजा रावण का महल था। सिगरिया आज श्रीलंका के सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में शामिल है। इस दुनिया के आश्चर्यों में गिना जाता है। 180 मीटर ऊंची चट्टान पर स्थित इस महल के पास जाने पर इसके रहस्य उजागर होते हैं। सिगरिया को शेर की चट्टान के नाम से भी जाना जाता है और यह इतनी ऊंची है कि जंगल के बाहर से ही नजर आती है।

## अमेरिकी खुफिया अधिकारी का खुलासा | भारत के डर से.....

# कंगाल पाकिस्तान बढ़ा रहा परमाणु हथियारों का जखीरा

एजेंसी | वाशिंगटन



पाकिस्तान के वर्तमान में जो हालात हैं, वहां एक-एक पैसे के लिए मोहताज है। आटा, चावल, दाल, तेल, कपड़ा से लेकर इंसान की रोजमर्रा की जरूरत की तमाम चीजों के दाम आसामना छू रहे हैं। इन हालातों में भी पाकिस्तान अपनी कंगाली से उबरने के बजाय मिसाइलों पर जमकर खर्चा कर रहा है। इसकी चर्चे अमेरिकी संसद तक में हो रहे हैं।

अमेरिकी खुफिया शीर्ष अधिकारी जेफरी क्रूस ने बताया कि पाकिस्तान ने पिछले साल अपने परमाणु हथियारों को अपग्रेड किया है। उनका कहना है कि इसकी वजह भारत है। भारत के साथ विवादास्पद रिश्तों के कारण पाकिस्तान अपनी रक्षा प्रणाली को मजबूत करने में जुटा है। परमाणु हथियारों की बात करे तब पाकिस्तान के पास अभी 170 वॉर हेड्स हैं, जिनकी संख्या अगले साल 200 तक पहुंच सकती है। पिछले साल 11 सितंबर को छपे न्यूक्लियर नोटबुक कॉलम के हवाले से यह जानकारी दी थी. इसमें कहा गया, हमारा अंदाजा है कि पाकिस्तान के पास 170 के करीब परमाणु हथियार हैं। साल 1999 में अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने अनुमान लगाया था।

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय ग्रीन एस्ट्रोटर्फ लगाएगा, 1.20 करोड़ का बजट प्रस्तावित



**जबलपुर।** हाकी विशेषज्ञों की राय के अनुरूप ग्रीन टर्फ बिछाने को लेकर प्रारंभिक रूप से अपनी स्थिति साफ कर दी है। सामान्य तौर पर खेल विभाग के रानीताल खेल परिसर व प्रदेश में अन्य स्थानों पर अभ्यास व टूर्नामेंट के दृष्टिगत ग्रीन टर्फ ही ज्यादा बिछाई गई है। साथ ही फील्ड हाकी के एक छोर पर ही दर्शक दीर्घा अभी प्रस्तावित है, जिसकी क्षमता करीब आठ से दस हजार लोगों के बैठने की होगी। इस पूरी निर्माण प्रक्रिया के लिए 1.20 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुवि) जबलपुर हाकी खिलाड़ियों को सौगात देने एस्ट्रोटर्फ मैदान बनाने जा रहा है। इसे बिछाने से पहले औपचारिक प्रक्रिया अंतिम दौर में है। विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षण विभाग ने प्रस्ताव पर तेजी से कार्य करते हुए एक निजी कंपनी से बजट एस्टीमेट तैयार करवा रही है और अगले चरण में टेंडर के बाद टर्फ बिछाने का कार्य आरंभ होगा। वर्तमान में ग्रीन टर्फ फील्ड हाकी के खिलाड़ियों के अभ्यास को देखते हुए सबसे उपयुक्त और बजट के अनुकूल सस्ती पड़ती है। रादुवि शारीरिक शिक्षण विभाग के खेल परिसर में फील्ड हाकी के स्टैंडर्ड मैदान साइज 91.40 मीटर लंबे और 65 मीटर चौड़े आकार में एक टर्फयुक्त मैदान बनाएगा। इसके लिए करीब 80 से 90 लाख रुपये में ग्रीन टर्फ बिछ जाएगी व मैदान के एक छोर पर दर्शक दीर्घा व खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम बनाने का प्रस्ताव है। इस तरह पूरे निर्माण कार्य पर कुल 1.20 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित है। सस्ती ग्रीन टर्फ होने के कारण खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने एक निजी कंपनी के माध्यम से रानीताल खेल परिसर सहित प्रदेश में अपने सभी फीडर सेंटर में हाकी की ग्रीन टर्फ ही बिछाई है। रानीताल खेल विभाग की टर्फ और अन्य सुविधाओं पर खेल विभाग ने करीब 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए।

# चेतावनी के बाद चेता ननि हाई कोर्ट में पेश किया 10 साल का पूरा ब्यौरा

**ग्वालियर।** हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ की चेतावनी के बाद स्वर्णरेखा नदी के पुनरुद्धार के मामले में आखिरकार नगर निगम ने प्रोग्रेस रिपोर्ट के साथ वह ब्यौरा भी पेश किया जो हाईकोर्ट ने पिछली सुनवाई पर मांगा था। इसमें नगर निगम ने स्वर्णरेखा में सीवरेज लाइन बिछाने से लेकर ट्रंक लाइन, सोलिड वेस्ट और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट सहित कुछ अन्य विषयों की जानकारी हाईकोर्ट से साझा की।

नगर निगम की ओर से पैरवी कर रहे शासकीय अधिवक्ता दीपक खोत ने हाईकोर्ट को बताया कि बीते 10 सालों में कुल अब तक 423 करोड़ रुपये की राशि मिली है जिसमें से 400 करोड़ रुपये अलग-अलग कामों में खर्च हुए हैं। 1500 किमी में सीवरेज लाइन बनी है जो कुल क्षेत्र का 80 प्रतिशत है। यहां कुल क्षेत्र 1800 से 1900 किमी है। यहां 1200 से 1300 किमी तक का क्षेत्र ठीक है। 15 प्रतिशत का जो 300 से 400 किमी का क्षेत्र है उसको रिपेयर या बदलना पड़ेगा।




कोर्ट ने इसके बाद नगर निगम से सीवर ट्रीटमेंट प्लांट और कचरा निस्तारण के बारे में भी सवाल जवाब किए। जिसमें संतोषजनक जवाब मिलने के बाद हाईकोर्ट ने इन सभी कामों होने वाली आगामी प्रगति के बारे में पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि आगामी एक माह के भीतर सीवरेज की डीपीआर व मैप दे देंगे, कचरा कलेक्शन के लिए 6 नए वाहन सौंप दिए जाएंगे। इसके अलावा केदारपुर पर इकट्ठा हो रहे कचरे का भी अगले 6 माह में निस्तारण कर दिया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 मई को होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पानी की किल्लत है तो नगर निगम के जोनल कार्यालय में करें संपर्क

**इंदौर।** गर्मी के मौसम के कई जगह पानी की किल्लत देखने को मिलती है। ऐसे में यदि किसी भी कालोनी या क्षेत्र में पानी की समस्या है तो नगर निगम वहां पानी के टैंकर निश्शुल्क उपलब्ध करवाता है। किसी को भी पानी की समस्या हो तो वह जोन स्तर पर सहायक यंत्री, वार्ड स्तर पर उपयंत्री, जोनल अधिकारी और नगर निगम के कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकता है। शहर में 83 प्रतिशत घरों तक नर्मदा का पानी पहुंच रहा है। कुछ नई कालोनियां हैं, वहां तक भी जल्द पहुंच जाएगा।

### इंदौर में महिला ने हाथ पर सुसाइड नोट लिख की आत्महत्या

**इंदौर।** तेजाजीनगर थाना क्षेत्र की पाश टाउनशिप में रहने वाली महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति और उसकी प्रेमिका के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। महिला ने खुदकुशी के पूर्व स्वयं के बाएं हाथ पर सुसाइड नोट लिखा है। उसने दोनों के विरुद्ध प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। जोन-1 के एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा के मुताबिक, घटना बायपास स्थित सिल्वर स्प्रिंग फेस-2 की है। 40 वर्षीय कविता पाटिल ने सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। स्वजन घर पहुंचे तो पता चला कविता ने बाएं हाथ पर सुसाइड नोट लिखा है। उसने पति पंकज पाटिल और उसकी प्रेमिका नम्रता पर आरोप लगाए हैं।एडीसीपी के मुताबिक, मंगलवार को इस मामले में पंकज और नम्रता के खिलाफ एफआइआर दर्ज कर ली गई है।पुलिस ने देर रात पंकज को हिरासत में भी ले लिया।

### सड़क पर मिला देसी कट्टा और कारतूस, केंट पुलिस ने जब्त किया

**जबलपुर।** केंट थाना क्षेत्र में सड़क पर एक देसी कट्टा और कारतूस पड़ा मिला। कट्टे पर कुछ राहगीरों की नजर पड़ी तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कट्टा को जब्त कर लिया है। मामले में छानबीन शुरू कर दी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसारवे सदर चौपाटी से पेंटीनाका की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गैरीसन ग्राउंड के किनारे की सड़क पर पेंटीनाका से कुछ कदम पहले एक कट्टा सड़क पर दिखा। उसके पास ही एक कवर में कारतूस भी था। शराब की बोतल भी पास में पड़ी थी। जिस जगह पर हथियार मिला है उसके आसपास रात में खाने का ठेला लगता है।

### जबलपुर से दुर्ग के बीच कटनी मार्ग से चलेगी स्पेशल ट्रेन



**जबलपुर।** ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त रेल यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए जबलपुर- दुर्ग-जबलपुर के मध्य नौ ट्रिप के लिए रेल प्रशासन द्वारा एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी जबलपुर मंडल के कटनी साउथ स्टेशन से होकर गन्तव्य को जायेगी। जबलपुर- दुर्ग-जबलपुर ट्रेन 22 अप्रैल से 17 जून (प्रत्येक सोमवार) को जबलपुर स्टेशन से 20.30 बजे प्रस्थान कर, 21.35 बजे कटनी साउथ होकर अगले दिन मंगलवार को प्रात: 06.15 बजे दुर्ग स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में दुर्ग-जबलपुर-दुर्ग ट्रेन 23 अप्रैल से 18 जून (प्रत्येक मंगलवार) को दुर्ग स्टेशन से सुबह साढ़े नो बजे चलेगी।

### अपर आयुक्त और कार्यपालन यंत्री के ....

# फर्जी हस्ताक्षर कर, नगर निगम को थमाए 28 करोड़ रुपए के बिल

**अफसरों के संज्ञान में गड़बड़ी सामने आने के बाद मंगलवार को एमजी रोड थाने में नींव, किंग, ग्रीन, जान्हवी, क्षितिज फर्म के ठेकेदार मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद सिद्दकी, राहुल वडेरा, रेणु वडेरा के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया।**




**इंदौर।** नगर निगम में बिना काम किए पांच निर्माण एजेंसियों द्वारा 28 करोड़ रुपये की राशि वसूलने की तैयारी थी। ठेकेदारों ने रिकार्ड में एक दिन में पांच किलोमीटर सीवर लाइन की खुदाई, पाइप लाइन डालने व 500 चैंबर निर्माण का रिकार्ड प्रस्तुत किया। निगम के अफसरों की जानकारी के बिना फर्मों के ठेकेदारों ने फर्जी बिलों को आडिट करवाकर लेखा शाखा में भी पहुंचा दिया था।

अफसरों के संज्ञान में गड़बड़ी सामने आने के बाद मंगलवार को एमजी रोड थाने में नींव, किंग, ग्रीन, जान्हवी, क्षितिज फर्म के ठेकेदार मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद सिद्दकी, राहुल वडेरा, रेणु वडेरा के खिलाफ धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया। जानकारों के मुताबिक इस तरह के कुछ फर्जी बिलों पर निगम ने भुगतान भी कर दिया है।


**मार्च 2022 में बिल प्रस्तुत किया था**

जानकारों के मुताबिक फर्जी बिल प्रस्तुत करने वाली पांच फर्म तीन से चार साल पहले नगर निगम में ड्रेनेज विभाग के काम करती थीं। तीन वर्षों से इन्हें कोई काम नहीं दिया गया था। इसके बाद भी इन फर्मों के ठेकेदारों ने ड्रेनेज विभाग में पाइप लाइन डालने के कार्य के अलग-अलग बिल तैयार किए और फर्जी तरीके से आडिट करवाकर मार्च 2022 में निगम की लेखा शाखा में प्रस्तुत किए। लेखा शाखा ने इन बिलों को फरवरी 2024 में ड्रेनेज शाखा में भेजा।

यहां के अधिकारियों ने जब फर्जी बिलों को देखा तो उनके होश उड़ गए। जिन बिलों को भुगतान के लिए भेजा गया था, न उनकें टेंडर व न ही वर्क आर्डर हुए थे और न ही फाइलें बनी थीं। पे आर्डर पर अपर आयुक्त संदीप सोनी, कार्यपालन यंत्री सुनील गुप्ता, सहायक यंत्री सेवकराम पाटीदार, कार्यालय अधीक्षक प्रसाद व क्लर्क सतीश बड़के के फर्जी हस्ताक्षर पाए गए। हस्ताक्षर बाल पेन से किए गए थे।

अफसरों ने जांच की तो पाया कि कार्यपालन यंत्री जेल पेन से हस्ताक्षर करते हैं। दिसंबर 2018-जनवरी 2019 में जो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, उनमें जिन अधिकारियों के हस्ताक्षर किए गए हैं। वे उस समय इस विभाग में पदस्थ ही नहीं थे। ऐसे में इस मामले का राजफाश हुआ। दस्तावेजों आवक-जावक रजिस्टर में भी उनका विवरण नहीं था। इस तरह की गड़बड़ी सामने आने पर निगम अधिकारियों ने एफआइआर दर्ज करवाई।

# इंदौर में एमआर 10 टोल प्लाजा तोड़कर कंपनी बनाएगी नई सड़क



इंदौर। एमआर-10 टोल प्लाजा का संचालन बंद होने के बाद अब इसकी इमारत को हटाया जाएगा। कंपनी टोल प्लाजा की इमारत को हटाने के साथ ही सड़क और अन्य सुंदरीकरण कार्य भी करेगी। कंपनी को एमआर 10 स्थित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) की जांच रिपोर्ट भी देना होगी। आरओबी की मजबूती की जांच आइआइटी या एसजीएसआइटीएस के विशेषज्ञ द्वारा कराई जाएगी। यदि आरओबी में किसी तरह की टूट-फूट हुई है तो उसे सुधार भी कंपनी को करना होगा।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) ने एमआर 10 टोल बंद कराने के साथ ही टोल का संचालन करने वाली प्रकाश एस्फालिटंग एंड टोल हाईवेज इंडिया को 22 कार्य पूरे करने के लिए पत्र लिखा है। इसमें टोल की इमारत को हटाने के साथ ही सड़क निर्माण कार्य करने होंगे। एमआर 10 आरओबी की स्ट्राक्चर रिपोर्ट रिपोर्ट भी कंपनी देगी। इसमें प्राइवेट एजेंसी से आरओबी की मजबूती का सर्वे कंपनी कराकर देगी।गौरतलब है कि टोल का संचालन 17 साल पहले 2007 में शुरू हुआ था। 6101 दिन टोल की वसूली होना थी। कंपनी को आइडीए ने 86 दिन अतिरिक्त वसूली का समय दिया था, जो 14 अप्रैल को समाप्त हो गया। आइडीए ने टोल का संचालन बंद करा दिया है।

शहरी सीमा में संचालित हो रहे एमआर 10 टोल के कारण आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती थी।

# मप्र क्रिकेट लीग में दर्शकों की एंट्री रहेगी फ्री




**ग्वालियर।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की तर्ज पर ग्वालियर के शंकरपुर क्रिकेट स्टेडियम की फ्लड लाइट्स में जून में होने वाली मध्य प्रदेश लीग %सिंधिया कप% में दर्शकों की एंट्री फ्री रहेगी। ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) और मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के संयुक्त प्रयास से टी-20 फार्मेट के इस रोमांच में ग्वालियर चीताज समेत पांच टीमें आमने-सामने होंगी। मंगलवार को लीग के थीम सांग समेत टीमों के शुभंकर (लोगो) का अनावरण किया। हालांकि, लीग की पहली गेंद फेंकने पर घोषणा नहीं की, संभवत- 15 जून से ही शुरू होगी।

ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष महान आर्यमन सिंधिया ने मंगलवार को जय विलास पैलेस में एमपी लीग की पहले संवाददाता सम्मेलन में लीग के विभिन्न रोमांच से पर्दा उठाया। उन्होंने कहा, लीग में अभी दो माह का समय है। मध्य प्रदेश क्रिकेट इतिहास में पहली बार क्रिकेट लीग का आयोजन किया जा रहा है। लीग में मेजबान ग्वालियर चीताज समेत रीवा जगुआर, जबलपुर लायंस, भोपाल लेपर्ड्स, मालवा पेंथर्स टीमें भाग ले रही है।मैचों का सीधा प्रसारण सोनी या जियो सिनेमा में से कोई एक पर होगा। जीडीसीए के अध्यक्ष प्रशांत मेहता ने कहा, ग्वालियर ने क्रिकेट में कई ऐतिहासिक पल दिए हैं, जिससे ग्वालियर का नाम विश्व में जाना जाता है।

# इंदौर में बदमाशों ने बुजुर्ग से मुंह दबाकर रुपये लूटे, पहचानने पर चाकू मारा और फोन छीना




**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में बदमाशों ने राह चलते लोगों के साथ लूटपाट की। चाकू मारे और फोन-नकदी छीन ली। पुलिस ने नामजद एफआइआर लिखी है। आरोपितों की तलाश जारी है।

पहली घटना सरला अभियांत्रिकी फैक्टरी के समीप पोलोग्राउंड की है। पुलिस ने 55 वर्षीय सुभाष त्रिंबक सोनेने निवासी परदेशीपुरा की शिकायत पर आरोपित चेतन पुत्र नत्थु भील निवासी लालगली कोली मोहल्ला, अजय पुत्र नत्थु भील, हेमंत पुत्र शंकरलाल फतेहपुरिया निवासी लाल गली कोली मोहल्ला और संदीप उर्फ शांता पुत्र राधेश्याम चौधरी निवासी साउथ गाडराखेड़ी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

घटना सोमवार रात करीब नौ बजे की है। बुजुर्ग ड्यूटी पर जा रहा था। रास्ते में बदमाशों ने रोक लिया। बदमाशों ने पहले पूछताछ की और मुंह दबाकर 1200 रुपये छीन लिए। बुजुर्ग ने रिपोर्ट लिखवाने के लिए कहा। उन्हें डराया कि चारों को पहचान लिया है। आरोपित इसके बाद लौटे और चाकू मारकर मोबाइल भी छीनकर ले गए।

**रोजगार मेला**

## इंदौर जिले में लगे तीन दर्जन रोजगार मेले, फिर युवाओं को रोजगार की दरकार


# जिले में लगभग एक हजार के युवाओं ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार शुरू किया



**इंदौर।** इंदौर जिले में युवाओं को शासन की योजनाओं से जोड़कर स्वरोजगार और विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेले आयोजित हुए। जिले में विगत वर्ष 38 के करीब रोजागर मेलो का आयोजन किया गया। इनके माध्यम से तीन हजार से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ, वहीं एक हजार के करीब युवाओं ने विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार शुरू किया। इसके बाद भी जिले में युवाओं को रोजगार की दरकार है। जनप्रिनिधियों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बड़ी पहल शुरू करनी होगी। रोजगार मेले के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों को रोजगार की शर्तों पर जिले में जमीने मुहैया कराकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने होंगे।

इंदौर जिले में विगत एक साल में रोजगार कार्यालय द्वारा विभिन्न कंपनियों की जरूरत के अनुसार रोजगार मेले आयोजित हुए। अधिकारियों की माने तो एक साल में 38 से अधिक रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। इसमें तीन हजार 800 के करीब विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया हुए। इसके अलावा जिला प्रशासन द्वारा भी आधा दर्जन रोजगार मेलों का आयोजन किया गया।इसमें एक हजार से अधिक बेरोजगारों को रोजगार प्राप्त हुआ। सामाजिक न्याय विभाग द्वारा भी दिव्यांगों के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया था। इसमें सैकड़ों दिव्यांगों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के प्राप्त हुआ। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना में भर्ती के लिए जिला प्रशासन की पहल पर इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों के युवाओं के लिए इंदौर में भर्ती के लिए मेला आयोजित हुआ। 6 से 13 जनवरी तक हुए इस भर्ती प्रक्रिया में दो हजार से अधिक युवाओं का प्रारंभिक चयन हुआ। वहीं ढक्कनवाला कुआं पर भी प्रधानमंत्री रोजगार मेले का आयोजन कर सैकड़ों युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे गए थे।

# डा. संजय दीक्षित ही रहेंगे इंदौर के एमजीएम मेडिकल कालेज के डीन






इंदौर। एमजीएम कालेज के डीन डा. संजय दीक्षित ही रहेंगे। सोमवार को परिणाम आने के बाद मंगलवार को मध्य प्रदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी सूची में यह सामने आ गया है। एमवाय अस्पताल के अधीक्षक डा. पीएस ठाकुर को सागर स्थित बुंदेलखंड मेडिकल कालेज का डीन नियुक्त किया गया है। एमजीएम मेडिकल कालेज से पांच डाक्टरों को प्रदेश के विभिन्न कालेजों में डीन के पद पर नियुक्त किया गया है।डा. अनिता मूथा को रतलाम स्थित लक्ष्मीनारायण पांडे मेडिकल कालेज, डा. अरविंद घनघोरिया को नीमच स्थित शासकीय मेडिकल कालेज और डा. शशि गांधी को मंदसौर स्थित शासकीय मेडिकल कालेज का डीन बनाया गया है। इनमें से डा. घनघोरिया के पास पहले से ही नीमच के कालेज का प्रभार है। इनमें से कई डाक्टरों का इंदौर से बाहर जाकर काम करने का मन नहीं है। बता दें कि इंदौर मेडिकल कालेज के डीन बनने का सपना कई डाक्टर देख रहे थे, लेकिन वह अधूरा ही रह गया। दरअसल, एमजीएम प्रदेश का बड़ा मेडिकल कालेज है।

## ब्रीफ न्यूज

### श्रेयस अय्यर ने वरुण को गेंदबाजी दिये जाने का कारण बताया

कोलकात। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अंतिम ओवर स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को दिये जाने के अपने फैसले का बचाव किया है। श्रेयस ने कहा कि तब बल्लेबाजी कर रहे राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर तेज गेंदबाजों पर शॉट लगा रहे थे। इसलिए उन्होंने धीमी गेंदबाजी के लिए स्पिनर को ओवर दिया। उन्होंने कहा कि बटलर इतनी अच्छी तरह से स्ट्राइक कर रहा था। इसलिए मैंने सोचा कि चलो गेंद की गति कम कर दी जाए और इसे वरुण को दे दिया। यह काफी दबाव वाला मुकाबला था। वैसे भी जब आपके पास सर्कल के अंदर 5 क्षेत्ररक्षक होते हैं, तो आपको मूल रूप से पता नहीं होता है कि कहां गेंद करनी है और मूल रूप से यही हुआ। वहीं अपनी टीम के सुनील नरेन की शतकीय पारी पर उन्होंने कहा कि वह टीम के लिए एक बड़ी संपत्ति हैं और वह इसे हर खेल में दिखा रहे हैं। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो हर पल का फायदा उठाते हैं।

### आरसीबी के गेंदबाजों पर बरसे श्रीकांत ने कसा तंज

कोलकाता। पूर्व क्रिकेटर के श्रीकांत ने आईपीएल में खराब प्रदर्शन के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को जमकर फटकार लगायी है। श्रीकांत ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के गेंदबाजों की जमकर हुई पिटाई को लेकर कहा कि आरसीबी के गेंदबाज जिस तरह की गेंदबाजी कर रहे हैं उसे देखकर ऐसा लगा जैसे अंतिम 11 में टीम को सभी बल्लेबाज ही रख लेने चाहिए।आरसीबी को हैदराबाद के खिलाफ 25 रन से करारी हार मिली थी। सनराइजर्स ने इस मैच में पहले खेलते हुए आईपीएल इतिहास में एक पारी का सबसे ज्यादा स्कोर 287 रन बनाया था। इस दौरान बेंगलुरु के चार गेंदबाजों ने 50 से ज्यादा रन दिए थे।

### दीपिका को उभरती हुई महिला हॉकी खिलाड़ी के लिए मिला असुंता लाकड़ा अवार्ड

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग को वर्ष की उभरती हुई खिलाड़ी के लिए असुंता लाकड़ा हॉकी इंडिया पुरस्कार से सम्मानित किया है। इस पुरस्कार के मिलने से उत्साहित दीपिका सोरेंग ने हॉकी इंडिया के प्रति आभार जताया है। दीपिका को साल 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिय हॉकी इंडियान ने इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस खिलाड़ी ने महिला जूनियर एशिया कप में टीम की ओर से पदार्पण करते हुए 6 मैचों में 7 गोल कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। दीपिका ने इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक गोल किये। दीपिका ने कहा कि यह सम्मान दिये जाने के लिए मैं हॉकी इंडिया के प्रति आभारी हूं। जब मेरे नाम की घोषणा की गई तो यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक यादगार पल था।

### राजस्थान के खिलाफ हार के बाद भी निराश नहीं हैं श्रेयस अय्यर

कोलकाता। कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के हाथों मिली हार के बाद भी निराश नहीं हैं। अय्यर का कहना है कि इस मैच में उनकी टीम जीत के करीब पहुंचकर भी उसे हासिल नहीं कर पायी लेकिन इस मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिला है। केकेआर को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर 2 विकेट से हार झेलनी पड़ी। अय्यर ने कहा कि उनकी टीम लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी। इसलिए उसे गलतियों से सीखकर मजबूत वापसी करनी होगी। इस मैच में केकेआर से मिले 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय राजस्थान रॉयल्स की आधी से ज्यादा टीम 121 रनों पर ही पेवेलियन लौट गयी थी पर इसके बाद सलामी बल्लेबजा जॉस बटलर ने शतक लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।



क्रोएशिया में फुटसल विश्वकप के बाद जश्न मनाते हुए खिलाड़ी।

#### बटलर ने बनाया रिकार्ड, गेल को पीछे छोड़ा

# मैंने धोनी और विराट की तरह अंत तक टिकने का प्रयास किया

एजेंसी | कोलकाता



राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ नाबाद शतक लगाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। बटलर अब ऐसे पहले बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने आईपीएल में जब भी शतक लगाया उनकी टीम को जीत मिली। इससे पहले यह रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था। गेल ने 6 बार शतक लयाया तो उनकी टीम जीती जबकि बटलर ने 7 बार शतक लगाया है और हर बार उनकी टीम जीती है। बटलर ने कहा कि वह इससे पहले लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहे थे। इस क्रिकेटर ने कहा कि लोग जिस प्रकार महेन्द्र सिंह धोनी और विराट कोहली अंत तक टिके रहते हैं उससे लोग उन्हें पसंद करते हैं, मैंने भी ऐसा ही करने का प्रयास किया है। बटलर ने कहा कि ऐसी पारियों के बारे में मेरी कोच कुमार संगाकारा से बहुत बात हुई है। आप पीछे हटते हो जब आप मान लेते हो कि संघर्ष नहीं करना तब हार मिलती है। वहीं संगाकारा ने कहा कि बस विकेट पर टिके रहो रन अपने आप आयेंगे। उन्हें पता था कि किसी भी बिंदु पर गति बदल जाएगी।

### आईपीएल में आज होगा पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस का मुकाबला

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी

एजेंसी | मोहाली

आईपीएल 2024 में गुरुवार को पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इन दोनो ही टीमों का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है। इसलिए किसकी दावेदारी प्रबल है ये कहा नहीं जा सकता है। दोनो ही टीमें ये मुकाबला जीतकर लय हासिल करना चाहेंगी। अब तक दोनो ही टीमों ने छह-छह मैच खेले हैं। इसमें उन्हें दो-दो में जीत मिली है। इस प्रकार दोनों टीमों के चार-चार अंक है। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं, इसलिए दबाव दोनो पर ही रहेगा। पंजाब के लिए ये मैच आसान नहीं होगा क्योंकि उसके कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण बाहर हैं। धवन ने इस सत्र में काफी अच्छी बल्लेबाजी की है और उनकी कमी पूरी करना टीम के लिए मुश्किल रहेगा। अब देखना है कि उसका शीर्ष क्रम किस प्रकार बल्लेबाजी करता है। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए दो नये खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है पर ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं। सैम कुरेन इस मैच में पंजाब टीम की कप्तानी करेंगे। टीम की चिन्ता प्रमुख बल्लेबाज प्रभसिमरन के खराब फार्म से बढ़ गयी है।



### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस-** हार्दिक पंड्या (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, मोहम्मद नबी, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, गेराल्ड कोएत्जी, श्रेयस गोपाल, जसप्रित बुमराह।

**पंजाब किंग्स-** सैम कुरेन (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, अथर्व तायदे, प्रभसिमरन सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), शशांक सिंह, हरप्रीत बराड़, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, कगिसो रबाडा।

### जितेश शर्मा भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये

प्रभसिमरन ने अब तक छह मैच में 19.83 की औसत से केवल 119 रन ही बनाये हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं। वह अब तक छह मैच में 17.66 की औसत से मात्र 106 रन बना सके हैं। टीम की ओर से सैम कुरेन और कागिसो रबादा ने अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल का भी प्रदर्शन पिछले कुछ मैचों से ठीक हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कप्तान हार्दिक पंड्या की मुम्बई भी किसी प्रकार से जीत की राह पर लौटना चाहेगी। टीम के पास काफी अच्छे खिलाड़ी हैं पर निरंतरता की कमी से उसे नुकसान हुआ है। इसके अलावा टीम एक इकाई के तौर पर प्रदर्शन नहीं कर पायी है। टीम को इसी कारण रोहित शर्मा के शतक के बाद भी पिछले मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा कप्तान हार्दिक को भी गेंद और बल्ले से बेहतर प्रदर्शन करन होगा। इस ऑलराउंडर ने अब तक 12 की इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी की है। वहीं बल्लेबाजी में भी वह विफल रहे हैं। टीम के लिए राहत की बात ये है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव ने अब तक अच्छी बल्लेबाजी की है। कुल मिलाकर देखा जाये तो ये मुकाबला रोमांचक होना तय है।

### गंभीर के कारण सफल हुए हैं नरेन : रिंकू

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के क्रिकेटर रिंकू सिंह ने कहा है कि आईपीएल के इस सत्र में कोच गौतम गंभीर के कारण ही सुनील नरेन इतने सफल हुए हैं। रिंकू के अनुसार गंभीर ने ही नरेन को पारी की शुरुआत के लिए भेजा था। उनका ये प्रयोग बेहद सफल रहा है। इसका प्रभाव साफ देखा जा सकता है। नरेन ने सत्र की शुरुतात से ही आक्रामक बल्लेबाजी की है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 56 गेंद में 109 रन बना दिये थे। वहीं उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए पिछले तीन सत्र में केवल 154 रन बनाए थे जबकि इस सत्र में बतौर सलामी बल्लेबाज छह मैच में नरेन ने 276 रन बनाये हैं। उन्होंने कहा, 'आप देख सकते हैं कि नरेन इस समय किस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# कोहली का ऑरेंज कैप और चहल का पर्पल कैप पर कब्जा बरकरार

### आईपीएल अंकतालिका में राजस्थान शीर्ष



एजेंसी | कोलकाता

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने सात मैचों में केवल एक जीत के साथ ही अंकतालिका में सबसे निचले पायदान पर है पर उसके अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली सबसे अधिक रनों के साथ ही ऑरेंज कैप की दौड़ में नंबर एक पर हैं। विराट ने अब तक 300 से अधिक रन बनाये हैं। कोहली ने 7 मैचों में कुल 361 रन बनाए हैं। जबकि रियान पराग 318 रन बनाकर दूसरे नंबर पर हैं।

वहीं गेंदबाजी की बात करें तो राजस्थान की तरफ से खेलने वाले यजुवेन्द्र चहल बटलर 12 विकेट लेकर पहले स्थान पर हैं और पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। चहल को मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से प्रतिस्पर्दा मिल रही है जिन्होंने अब तक 10 विकेट लिए हैं। वहीं टीमों की अंक तालिका की बात करें तो राजस्थान रॉयल्स 12 अंक लेकर नंबर एक पर कायम है। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स 8 अंक लेकर दूसरे नंबर पर है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने सात मैचों में केवल एक जीत के साथ सबसे निचले स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार के बाद उसका नेट रन रेट भी नीचे आया है। राजस्थान रॉयल्स टूर्नामेंट में घर और बाहर दोनों जगह नियमित रूप से जीत हासिल की है। वे प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए मजबूती से खड़े हैं। वहीं लखनऊ सुपर जाइंट्स और गुजरात टाइटंस अभी भी अंकों के मामले में पीछे हैं। केकेआर, सीएसके और सनराइजर्स हैदराबाद अगर तालिका में दूसरा स्थान सुरक्षित करना चाहते हैं और फाइनल के लिए जगह बनाना चाहते हैं तो उन्हें आने वाले मुकाबले जीतने होंगे।

## धीमी ओवर गति के लिए श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगा

एजेंसी | कोलकाता



राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुकाबले में हारी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को दोहरा झटका लगा है। उसके कप्तान श्रेयस अय्यर पर रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा है। आईपीएल की ओर से कहा गया, 'लीग की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह धीमी ओवर गति बनाए को लेकर उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था , इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना ही लगाया गया है। वहीं अगर ऐसा फिर होता है तो जुर्मान दोगुना हो जाएगा। इस मैच में राजस्थान रॉयल्स ने जोश बटलर के शतक से जीत दर्ज की थी। इस मैच में केकेआर ने पहले खेलते हुए सुनील नरेन के शतक की बदौलत 6 विकेट पर 223 रन बनाए थे। वहीं इसके जवाब में खेलने उतरी राजस्थान ने 12 ओवर में ही 121 रन पर 6 विकेट खो दिए थे पर इसके बाद बटलर ने एक छोर संभला और टीम को लक्ष्य तक पहुंचा

# टी20 विश्वकप में जगह के लिए पंड्या को लगातार अच्छी गेंदबाजी करनी होगी

एजेंसी | नई दिल्ली



आगामी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाये रखना ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के लिए आसान नहीं होगा। इसका कारण है कि आईपीएल में पंड्या का प्रदर्शन अब तक अच्छा नहीं रहा है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की टीम चयन को लेकर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ जो बैठक हुई है। कहा गया है कि आईपीएल 2024 के दौरान नियमित रूप से गेंदबाजी करना पंड्या के टीम में जगह बनाने की संभावनाओं के लिए अहम होगा। इस बैठक में मुख्य रूप से टी20 विश्व कप के लिए तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों के चयन पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत के पास तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों की कमी है और यही वजह है कि चयनकर्ता आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे शिवम दुबे पर भी नजर रख रहे हैं। शिवम ने आईपीएल में अब तक जबरदस्त प्रदर्शन किया है। हालांकि, उनकी फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपर किंग्स ने उनसे अधिक गेंदबाजी नहीं करवाई है। वहीं मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए पंड्या गेंदबाजी में लय के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# पेशेवर क्रिकेटरों को भी सफल होने बेहतर एथलीट बनना होगा : मूडी

एजेंसी | कोलकाता



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा है कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज जोस बटलर ने इस आईपीएल सत्र में लगाकर साबित किया है कि पेशेवर क्रिकेटरों को भी सफल होने के लिए बेहतर एथलीट बनना होगा। बटलर ने केकेआर के खिलाफ पारी की धीमी शुरुआत की पर वह अंत तक डटे रहे। मूडी ने कहा, 'वह आगे बढ़ता रहा क्योंकि वह अच्छा एथलीट है और यह दिखाता है कि आज टी20 क्रिकेट या क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में आपको सफलता के लिए अच्छा एथलीट बनना होगा। केवल एक विशेषज्ञ खिलाड़ी बनकर बनकर काम नहीं हो सकता। ऐसा समय अब निकल गया है। केकेआर के खिलाफ मुकाबले में चोट से उबरकर वापस करने वाले बटलर एक छोर से विकेट गिरने के बाद भी जमे रहे। मूड़ी ने कहा, 'वह एक विशिष्ट एथलीट है इसीलिए वह अंतिम गेंद तक जमा रहा।

### गांगुली ने अपनी किताब में पाक तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को लेकर अहम खुलासे किये

कोलकाता। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों से उनकी दोस्ती हुई। गांगुली के अनुसार इनमें वसीम अकरम, इंजमाम उल हक और शोएब अख्तर जैसे खिलाड़ी थे। गांगुली ने अपनी किताब 'वन सेंचुरी इज नॉट इनफ में भी इसका जिक्र किया है। सौरव के अनुसार, 2004 की भारत-पाकिस्तान क्रिकेट सीरीज के दौरान एक बार उन्होंने दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर को रावलपिंडी के वनडे मैच से पहले रात 11 बजे अकेले गेंदबाजी का अभ्यास करते हुए देखा था जिससे उन्हें हैरानी भी हुई थी। पहले लगा कि वह बेहद गंभीर हैं। बाद में मुझे लगा कि हमने इस मैच से पहले हमने उन्हें पटरी से उतारने की बात कही थी शायद उसी के डर से वह अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने इस वाकये के साथ ही कई अन्य बातों के बारे में भी अपनी किताब में बताया है। सौरव ने इस किताब में लिखा, 'पाकिस्तान के साथ इतने लंबे समय तक खेलने के दौरान मेरे कई दोस्त बन गए। वसीम, वकार, इंजमाम उल हक और शोएब अख्तर के साथ मेरा पहला सामना ईडन गॉर्डस पर हुआ जहां उसने एक के बाद एक गेंदों पर सचिन और द्रविड़ को आउट करके भारतीय टीम को झटका दिया है।

# कार्तिक को टी20 विश्वकप के लिए जगह मिलना असंभव : इरफान पठान

एजेंसी | नई दिल्ली



पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कहा कि दिनेश कार्तिक ने आईपीएल के इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए सभी को प्रभावित किया है पर इसके बाद भी उन्हें आगामी टी20 विश्वकप में जगह मिलने की संभावना नहीं है। वहीं कहा जा रहा है कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 35 गेंदों में 83 रनों की तूफानी पारी खेलकर कार्तिक ने अपनी तगड़ी दावेदारी पेश की है। सोशल मीडिया पर भी कार्तिक को विश्व कप के लिए टीम में शामिल करने की मांग की गई। वहीं पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने भी विकेटकीपर को भारत की टी20 विश्व कप टीम में शामिल करने की वकालत की। वहीं इरफान का मानना है कि अच्छे फॉर्म में होने के बाद भी उन्हें शामिल करना संभव नजर नहीं आता। उन्होंने कहा, कार्तिक एमएस धोनी की छाया में खेले। इसलिए अब जब धोनी नहीं खेल रहे हैं, तो आप चाहते हैं कि कार्तिक आएं। तो उस तर्क से ऋषभ पंत कार्तिक की छाया में होंगे। क्या यह सही होगा अगर ऋषभ फॉर्म में नहीं होते तो मैं कहता ठीक है। लेकिन इस मामले में मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप की दौड़ में कार्तिक से आगे संजू सैमसन हैं। या जितेश शर्मा, जो हाल ही में भारत के लिए खेल रहे थे। पठान ने साथ ही कहा, हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि मौजूदा खिलाड़ी, जो नियमित योजना में हैं, उन्हें सिर्फ इसलिए दरकिनार नहीं किया जाना चाहिए।

पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सुबह छह बजे उठकर छह लोगों को जगाएगा और उन्हें मतदान कराएगा

# मतदान के दिन सुबह छह बजे उठकर छह लोगों को जगाएंगे कार्यकर्ता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में 17 अप्रैल की शाम से चुनावी प्रचार थम जाएगा। भाजपा ने अपने प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सुबह छह बजे उठकर छह लोगों को जगाएगा और उन्हें मतदान कराएगा। कार्यकर्ता अपने परिवार के वोटर, मोहल्ले के पड़ोसी और फिर नाते रिश्तेदारों को मतदान कराएंगे। बूथ के कार्यकर्ताओं को रात दस बजे ही सोने के लिए कहा गया है, ताकि वे समय से सुबह छह बजे उठ जाए। वहीं भाजपा ने बाइक चालकों की भी सूची तैयार की है। ये मतदान केंद्र तक पहुंचने में अक्षम वोटरों को अपने दो पहिया वाहन पर



बैठाकर मतदान केंद्र तक ले जाएंगे और मतदान के बाद वापस घर तक छोड़ कर आएंगे। प्रत्येक बूथ पर पांच से दस बाइक सवार तैनात किए जाएंगे। 17 और 18 अप्रैल को मतदान के लिए बूथ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित भी करेगी भाजपा 17 अप्रैल यानी बुधवार से प्रचार थम जाएगा। ऐसे में 17 और 18 अप्रैल को बूथ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने, मतदाताओं को घर निकाल कर मतदान केंद्र तक लाने की कार्ययोजना से अवगत कराया जाएगा। भाजपा की तैयारी है कि सुबह से दोपहर 12 बजे तक अधिक से अधिक मतदान हो जाए। क्योंकि 12 बजे के बाद गर्मी बढ़ने से मतदाता घर से निकलने में परहेज करेंगे। वहीं शाम चार बजे के बाद से देर शाम मतदान समाप्ति के समय तक मतदान सुनिश्चित किया जाएगा।

### प्रत्येक बूथ पर छाया और ठंडे पेयजल, ओआरएस की रहेगी व्यवस्था

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदाता पर्ची के साथ भाजपा पीले चावल देकर मतदान करने का आग्रह करेगी। मतदाताओं से घर-घर जाकर संपर्क किया जाएगा। गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर वोटरों की सुविधा के लिए भाजपा ठंडे पानी की व्यवस्था, टेंट लगाकर कर छाया की व्यवस्था करेगी। वहीं चुनाव प्रचार व मतदाताओं से संपर्क के दौरान गर्मी से बचने कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को टोपी और गमझा का उपयोग करने की सलाह दी है। मंडल, सेक्टर बूथ के कार्यकर्ताओं के लिए गर्मी से बचने के उपाय बताए जाएंगे। प्रत्याशियों और संगठन के पदाधिकारियों से कहा गया है कि बूथ पर ठंडे पानी की व्यवस्था की जाएं। भाजपा की तैयारी है कि अधिक से अधिक मतदान हो। इसके लिए सुबह छह बजे कार्यकर्ता उठकर छह लोगों को जगाएगा और मतदान केंद्र पर मतदान कराएगा। नाते रिश्तेदारों और पड़ोसियों को भी मतदान कराने का लक्ष्य रखा गया है। हमारा प्रयास है कि दोपहर 12 बजे तक अधिक से अधिक मतदान संपन्न कराया जाए। वहीं वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए जरूरी उपाय किए जाएंगे।

**रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री, प्रदेश प्रभारी बूथ प्रबंधन, मप्र भाजपा**

## संक्षिप्त समाचार

### पति ने मायके जाकर पत्नि को दिया तीन तलाक

भोपाल। निशातपुरा थाना इलाके में पति द्वारा पत्नि को तीन तलाक देकर संबंध खत्क किये जाने का मामला सामने आया है। थाना पुलिस के अनुसार जनता नगर करीद में रहने वाली फौजिया अली पति जावेद (31) ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी शादी रफीकिया स्कूल के पास शाहजहानांबाद निवासी जावेद से हुई थी। जावेद मैकेनिक का काम करता है। दंपत्ति के एक दस साल का और एक दूध मुहा सहित दो बच्चे है। बीते दिनो महिला अपने बच्चो को लेकर अपने मायके जनता कार्टर आई थी। 13 अप्रैल को पति जावेद ससुराल पहुंचा और वहॉ किसी बात को लेकर पत्नि से विवाद करने लगा। बढ़ते विवाद के बीच ही उसने पत्नि को तीन बार तलाक कहा और संबंध खत्म करने की बात कहकर चला गया। बाद में उसे विवाहिता के परिजनो ने समझाने का काफी प्रयास किया लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। इसके बाद विवाहिता थाने जा पहुंची। पी?ता ने पुलिस को बताया कि उसका पति बीते काफी समय से दहेज मे पांच लाख रुपए की मांग करते हुए प्रता?त कर रहा। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ही उसने तीन तलाक कहकर संबंध खत्म किए है। पत्नि की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मामला कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### विधवा महिला को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

भोपाल। अयोध्या नगर थाना इलाके में रहने वाली विधवा महिला को शादी का झांसा देकर परिचित द्वारा बलात्कार किये जाने की घटना सामने आई है। महिला की शिकायत पर जहांगीराबाद पुलिस ने मामला कायम कर आरोपी को दबोच लिया है। थाना पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय महिला ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह अयोध्या नगर थाना इलाके में रहती है। उसके पति की साल 2011 में मौत हो गई थी। पीडित एक निजी कंपनी में नौकरी करती है। नौकरी करने के दौरान उसकी पहचान आरोपी रविकांत सोनी से हुई थी। आरोपी ने उससे नजदीकिया बढ़ाते हुए उसे शादी करने का प्रस्ताव दिया। महिला को भी सहारे की तलाश थी, जिसके चलते उसने आरोपी के प्रस्ताव पर अपनी सहमति दे दी। आरोप है कि इसके बाद रविकांत ने उससे जल्द ही शादी करने का वादा कर उसका शारीरिक शोषण करना शुरु कर दिया। 16 अप्रैल 2023 से 15 अप्रैल 2024 के बीच आरोपी ने कई बार जहॉगिराबाद क्षेत्र में उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। बीते दिनो आरोपी का व्यवहार पीड़िता के प्रति बदलने लगा और उसने उससे दुरिया बनानी शुरु कर दी। उसका बदला बर्ताव देख महिला ने उससे जल्द शादी करने की बात कही तब आरोपी ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। पीड़ीता के दबाव डालने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर धमकी दे डाली। इसके बाद महिला ने थाने जाकर मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओ में मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### 24 अप्रैल को भोपाल आ सकते हैं पीएम मोदी

भोपाल। लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के प्रचार में पीएम नरेंद्र मोदी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वे लगातार एक के बाद एक राज्य में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे है। इस बीच सूत्रों से पता चला है कि पीएम मोदी एक बार फिर मध्य प्रदेश के दौरे पर आ सकते है। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी 24 अप्रैल को भोपाल आ सकते है। ऐसी भी जानकारी सामने आई है कि पीएम मोदी यहां भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में मेगा रोड शो भी करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार दूसरे चरण के चुनाव प्रचार में भोपाल की हुजूर विधानसभा क्षेत्र में पीएम मोदी का रोड शो प्रस्तावित है।

एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स ने जारी की रिपोर्ट

# मध्यप्रदेश के दूसरे चरण की छह सीटों पर 80 प्रत्याशी मैदान में

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की छह सीटों दमोह, होशंगाबाद, खजुराहो, रीवा, सतना और अनुसूचित जाति वर्ग के लिए सुरक्षित टीकमगढ़ पर कुल 80 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 75 पुरुष, चार महिला और एक थर्ड जेंडर है। 26 प्रत्याशी करोड़पति तो 17 प्रत्याशी 10वीं पास भी नहीं हैं। चुनाव आयोग में जमा नामांकन पत्र में दी गई जानकारी के आधार पर एडीआर (एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स) ने प्रत्याशियों की विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार भाजपा के दो, कांग्रेस के एक, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी, राष्ट्रवादी भारत पार्टी के एक-एक और तीन निर्दलीय प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।




दमोह में भारतीय शक्ति चेतना पार्टी प्रत्याशी भैया विजय पटेल, सतना से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह, खजुराहो में चार प्रत्याशियों में भाजपा से विष्णुदत्त शर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी पेंटर सुमन सिंह लोधी, फिरोज खान, राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद इमरान हैं। इसी तरह रीवा में राष्ट्रवादी भारत पार्टी से रंजना गुप्ता, निर्दलीय प्रत्याशी अरूण तिवारी हैं और होशंगाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा पर आपराधिक प्रकरण दर्ज है। प्रत्याशियों के आयु वर्ग की बात करें तो 25-30 आयु के चार, 31-40 के 27, 41-50 के 16, 51-60 के 19, 61-70 के 12, 71-80 वर्ष के दो प्रत्याशी चुनावी लड़ रहे हैं। बता दें इन सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होगा। छह सीटों पर चुनाव लड़ रहे 80 में से 26 प्रत्याशी करोड़पति हैं। इनमें भाजपा और कांग्रेस के पांच-पांच, पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के दो, सपाक्स, राष्ट्रवादी भारत पार्टी, भारतीय जन मोर्चा पार्टी, बसपा, भारतीय युवा जन एकता पार्टी, आल इंडिया फारवर्ड ब्लाक, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के एक-एक और छह स्वतंत्र प्रत्याशी करोड़पति हैं। सबसे अधिक संपत्ति वाले तीन प्रत्याशियों में होशंगाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा 232 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। रीवा से कांग्रेस प्रत्याशी नीलम अभय मिश्रा 34 करोड़ और सतना से भाजपा प्रत्याशी गणेश सिंह नौ करोड़ की संपत्ति के मालिक है। हालांकि, इन तीनों प्रत्याशियों पर करोड़ों की देनदारी भी है। संजय शर्मा पर 98 करोड़, नीलम मिश्रा पर तीन करोड़ और गणेश सिंह पर दो करोड़ रुपये का कर्ज है। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले निर्दलीय प्रत्याशियों में दमोह से राहुल लोधी की 33 हजार, सतना से ऋषभ सिंह की 75 हजार और होशंगाबाद से मुकेश यादव की एक लाख रुपये की संपत्ति है।

### 13 ग्रेजुएट, 21 पोस्ट ग्रेजुएट और 17 प्रत्याशी 10वीं पास भी नहीं

छह सीटों पर चुनाव लड़ रहे 80 में से 13 प्रत्याशी ग्रेजुएट, सात ग्रेजुएट प्रोफेशनल, 21 पोस्ट ग्रेजुएट है। वहीं 17 प्रत्याशी 10वीं पास भी नहीं है। आठ प्रत्याशी 10वीं और नौ प्रत्याशी 12वीं उत्तीर्ण हैं। इनमें तीन पांचवीं पास है। दो डाक्टर भी चुनाव लड़ रहे हैं।

## भोपाल में बड़ी पहल... वोट करें, गिफ्ट पाएं: 2034 पोलिंग बूथ पर ड्रा होंगे, जीत सकते हैं बाइक-टीवी



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत बड़ाने के लिए भोपाल जिला प्रशासन ने बड़ी पहल की है। 7 मई को जिले के कुल 2034 पोलिंग बूथ पर 3 ड्रा होंगे। जिनमें कुल 6102 इनाम दिए जाएंगे। वहीं, एक बंपर ड्रा भी होगा। जिसमें मतदाता बाइक, टीवी, वॉशिंग मशीन से लेकर मिक्सर, माइक्रोवेव से लेकर घर की जरूरतों के सामान भी जीत सकते हैं। इधर, पहली बार 27 मई को ट्रांसजेंडर्स का फैशन शो भी होगा। लोकसभा चुनाव में भोपाल में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब वोट डालने पर मतदाता गिफ्ट भी जीत सकते हैं। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी रितेश शर्मा ने बताया, प्रत्येक पोलिंग बूथ के लिए दो ड्रा निकाले जाएंगे। एक ड्रा मतदान वाले दिन 7 मई को ही खुलेगा, जबकि दूसरा बंपर ड्रा रहेगा, जो मतदान के बाद खोला जाएगा। दोनों में ही मतदाताओं को गिफ्ट मिलेंगे। भोपाल लोकसभा सीट पर 7 मई को मतदान होगा। इसी दिन भोपाल जिले के 2034 मतदान केंद्रों पर ड्रा का सिस्टम रहेगा। हर बूथ पर दिन में 3 बार ड्रा होगा। सुबह 10 बजे पहला, दोपहर 2 बजे दूसरा और शाम 6 बजे तक तीसरा ड्रा निकाला जाएगा। हर बूथ पर लकी ड्रा का एक बॉक्स रहेगा। मौके पर ही मतदाता को पर्ची मिलेगी, जो वोट डालने के बाद नाम, मोबाइल नंबर और मतदान केंद्र नंबर लिखकर बॉक्स में डालनी होगी। ड्रा में टी-शर्ट, टिफिन, लंच बॉक्स जैसे इनाम दिए जाएंगे। यदि कोई मतदाता वोट डालने के बाद घर चला भी जाता है तो उसे मोबाइल पर कॉल करके बुलाया जाएगा। दूसरा ड्रा मतदान के बाद होगा। इसमें उन मतदाताओं को शामिल किया जाएगा।

## 3 युवकों का रेहटी में एक्सीडेंट: सलकनपुर मंदिर से दर्शन कर लौटते समय हुआ हादसा

**भोपाल।** भोपाल से सलकनपुर मंदिर में दर्शन करने के लिए मंगलवार की सुबह पांच दोस्त निकले थे। शाम को लौटते समय एक बाइक पर सवार तीन दोस्त बाइक स्लिप होने के बाद गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इलाज के दौरान देर रात एक युवक की मौत हो गई। मामले में रेहटी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बुधवार की दोपहर को शव का हमीदिया की मर्चुरी में पीएम कराया गया। जानकारी के मुताबिक सोनू मालवीय पुत्र भारत मालवीय (22) लीलाधर कॉलोनी भानपुर में रहता था। वह भानपुर के निजी यूनिवर्सिटी का कर्मचारी था।



मंगलवार की सुबह 9 बजे मोहल्ले में रहने वाले रानू,रितिक और नवीन सहित एक अन्य के साथ सलकनपुर मंदिर गया था। पांचों दोस्त दो बाइक पर सवार होकर निकले थे। मंदिर दर्शन कर लौटते समय रेहटी के पालीवाल चौराहा के पास सोनू की पल्सर हस् बाइक स्लिप हो गई। हादसे में बाइक चला रहा सोनू और रितिक गंभीर घायल हुए थे। उनकी बाइक पर सवार नवीन को साधारण चोट आई थी। तीनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल फिर हमीदिया हॉस्पिटल लाया गया। यहां उपचार के देर रात सोनू को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के पिता भारत ने बताया कि सोनू के अलावा उनकी एक बेटी और एक बेटा है। सोनू होन्हार था, कम उम्र से ही जॉब करने लगा था। उसकी शादी के लिए लड़की तलाश रहे थे। इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पिता ने भी बताया कि हादसा स्वयं की बाइक स्लिप होने के कारण हुआ है।

NOBLE MULTISPECIALITY HOSPITAL
110 BEDDED HOSPITAL
# 269/1, NEAR CAPITAL MALL, MISROD, BHOPAL
CARDIAC CARE CENTRE
HEART CARE EXPERTS
[SUPER SPECIALITY]
DR. SATISH RAMTAKE
INTERVENTIONAL CARDIOLOGIST [DM - CARDIOLOGY]
DR. KINNARESH A BARIA
CARDIAC SURGEON [MCh -CVTS ]
DR. RAJIV MODI
CARDIAC CRITICAL CARE SPECIALIST [DNB]
DR. GYANENDRA NEEKHRA
CARDIAC PHYSICIAN [PGDCC]
ADVANCE HEART CARE SERVICES
CORONARY ANGIOGRAPHY
RENAL / PERIPHERAL ANGIOGRAPHY
CORONARY ARTERY BYPASS SURGERY
PACEMAKER INSERTION
DEVICE CLOSURE PROCEDURE
ASD / VSD/ PDA
PERMANENT PACEMAKER IMPLANTATION
BMV / BPV / BAV
24h EMERGENCY CARE
CONTACT US:
+91 85 1600 3200
contact@noblebhopal.com
www.noblebhopal.com
0755 4942233 | 2488008



यदि परिवार में संपन्नता आई है तो वोट मोदी को बनता है, नहीं आई तो उन्हें हराना है

# जीतू बोले-पहले चरण की 6 में से 4 सीटें जीतेंगे

**भोपाल।** मप्र में आज शाम को पहले चरण के 6 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार थम जाएगा। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने दावा किया कि 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में 6 में से 4 सीट कांग्रेस जीत रही है। पटवारी ने कहा मोदी जी ने 2014 में कहा था कि आपके बेटे को रोजगार दूंगा। अगर आपके बेटे को मिल गया है तो फिर मोदी जी का वोट बनता है। अगर नहीं मिला है तो विचार करना पड़ेगा। पटवारी ने कहा- इन्होंने कहा था कि मंहगाई कम कर दूंगा अगर आपके परिवार में मंहगाई कम हुई है तो मोदी जी को ही वोट दो। अगर मंहगाई बड़ी है तो वोट कैसाड़ ये राजनीतिक विचार से बड़ा लोकतंत्र को बचाने का विचार है। हम सजग देश के नागरिक हैं विचार करें और फिर बताएं मोदी से हमारे घर में सुकून संपन्नता आई है तो वोट उन्हीं का बनता है यदि नहीं आई है तो उनको हराना चाहिए। जीतू पटवारी ने कहा- छिंदवाड़ा में चाहे कितनी भी कोशिश



की हो। अमित शाह छिंदवाड़ा में रात रुके। 6 मंत्री और मुख्यमंत्री ने दूसरे दिन वहां स्टे किया। हर दर्जे की अराजकता प्रदेश में देखी है। पूर्व मुख्यमंत्री के घर छापे डाले गए। इनके मंत्री कैलाश विजयवर्गीय वहां फुल टाइम बैठे रहे। लोगों को डराते धमकाते रहे और नोटिस दिलवाते रहे। रेत,क्रेशर, टांसपोर्ट का काम करने वाले कांग्रेसी, भाजपा में गए टवारी ने कहा- इन्होंने पूरे प्रदेश में एक अभियान चलाने की बात की थी कि हम कांग्रेस के लोगों को बीजेपी में जॉइन करा रहे हैं। उसके आसपास के सिनेरियो को जनता ने देखा तो वो ये मैसेज दिखा कि हमारे पास प्रशासन है। रेत, क्रेशर, परिवहन का काम करने वाला जो साथी कांग्रेस पार्टी में था। और सरकार की तानाशाही और प्रशासन से जो ड़र सकता था उन सबको ले गए। ऐसे में यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। चुनाव के बाद शिवराज को नहीं रखा अभी जो चुनाव हुए वह शिवराज सिंह चौहान के चेहरे पर हुए, लाडली बहना के नाम पर हुए थे। मोदी गारंटियां भी उसमें संलग्न थीं। लेकिन, जब रिजल्ट आए तो शिवराज जी को नहीं रखा। और चौथी लाइन में बैठे व्यक्ति को चिट्ठी का मुख्यमंत्री बना दिया, यह डिक्टेटर शिप थी। ऐसे ही राजस्थान और छत्तीसगड़ में किया।

स्वामी ,मुद्रक एवं प्रकाशक राजीव मिश्रा * द्वारा बालाजी प्रिंटर्स एलयूएन शेड नं. 2, सेक्टर- एच, इंडस्ट्रियल एरिया गोविंदपुरा, भोपाल कोड 462023 भोपाल कोड 262023 से मुद्रित एवं 269/1 मिसरोद, पुलिस स्टेशन के सामने मिसरोद, भोपाल से प्रकाशित । संपादक राजीव मिश्रा * । (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा) ।Phone-0755-4860371 Email-Nobleexpressbpl@gmail.com RNI NO.MPHIN/2022/83545